

पेज -4 पर

विशेष पिछड़ी जनजाति को शासकीय योजनाओं से करें लाभान्वित- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल


नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -16 ◆ अंक: 99 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, रविवार 11 फरवरी 2024

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in




पेज -8 पर

गुप्त नवरात्रि आज से प्रारंभ


मेगा हेल्थ चेकअप कैम्प धरमजयगढ़ में, आप सभी नगर वासियों की सुविधा हेतु



शुगर, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, थायराईड, गैस्टिक, दमा, टायफाईड अनिद्रा आदि अन्य बीमारियों के उपचार

कोरबा डाइबिटिक एंड कार्डियो सेंटर से, डॉक्टर आशीष अग्रवाल (M.D.medicin)

स्थान

जयेश मेडिकल धरमजयगढ़ में

दिन रविवार 18 फरवरी- समय सुबह 11 बजे से 2 बजे तक

अधिक जानकारी हेतु मोबाईल नम्बर 9826887777 में सम्पर्क करें



समस्त शिशु एवं बच्चों के जांच उपचार एवं स्वास्थ्य सम्बंधित सलाह एवं टीकाकरण

शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कुमार (m.d पीडियाट्रिक)

नोट:-बच्चों के टीकाकरण ( वेक्सिनेशन ) पूर्व सूचना ( ऑर्डर ) करने पर ही लगाया जावेगा




मेडी क्योर हॉस्पिटल रायगढ़ से हड्डी एवं दर्द रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वरुण गोयल (m.s.ortho)

कमर कंधा घुटने का दर्द सूजन झुनझुनी पन जलन सूखापन आदि

इस शनिवार सौंदर्य चर्म एवं त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नवल पटेल सुबह 11 बजे से 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे


# अपराधों पर लगाम नहीं लगी तो होगी कड़ी कार्रवाई-सीएम साय

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि अपराध, नशाखोरी और अवैध गतिविधियों पर हमारी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है. अपराधों पर लगाम नहीं लगी तो संबंधित जिले के पुलिस कप्तान पर कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी.




मुख्यमंत्री ने पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में आज आयोजित पुलिस महानिरीक्षकों और पुलिस अधीक्षकों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह कड़े निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि पुलिस को लेकर अपराधियों के मन में डर और आम जनता के मन में सेना की तरह सम्मान होना चाहिए.

सीएम विष्णुदेव ने अधिकारियों से कहा कि पुलिस का व्यवहार अपराधियों के लिए कठोर हो और आमजनों के लिए उतना ही नम्र और मृदु होना चाहिए. उन्होंने कहा कि अवैध शराब, जुआ, सट्टा जैसी सामाजिक बुराईयां समाज को अंदर तक खोखला कर देती हैं. जब युवा इससे प्रभावित होते हैं तो यह सर्वाधिक चिंता जनक है.

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ा निर्देश देते हुए कहा कि यदि आपराधिक गतिविधियों पर लगाम नहीं लगेगी तो ना केवल संबंधित जिले के पुलिस कप्तान बल्कि थाना स्तर के पुलिस अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी.

मुख्यमंत्री साय ने कहा, पुलिस विभाग अनुशासित विभाग है, पुलिस अधिकारियों में यह अनुशासन दिखना चाहिए, जो अंतत: अनुशासित और अपराध मुक्त समाज की स्थापना में मील का पत्थर साबित होगा. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दंड से न्याय की ओर की संकल्पना को स्थापित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि नए कानून समयबद्ध तरीके से लागू हो, यह सुनिश्चित किया जाए.

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रदेश के माओवाद प्रभावित क्षेत्र में हमारे जवान कठिन परिस्थितियों में उनका डटकर मुकाबला कर रहे हैं. उन्होंने संदेश दिया कि छत्तीसगढ़ सरकार हर मोर्चे पर पुलिस कर्मियों के साथ खड़ी है और उनके सुविधाओं में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी. पुलिस के कल्याण के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं. समय पर पदोन्नति, आवास, जरूरी अधोसंरचना सहित संसाधनों की आपूर्ति के लिए हमने व्यवस्थाएं की हैं,

इसे आगे भी जारी रखेंगे. मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ शासन के वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट का उल्लेख करते हुए कहा कि इस बजट में पुलिस विभाग के लिए बड़ी राशि आवंटित की गई है. यह बजट कानून का राज स्थापित करने में निर्णायक साबित होगा.

उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सीएम विष्णुदेव साय सरकार के पहले बजट में गृह विभाग को काफी कुछ मिला है. पिछले वर्ष के बजट की तुलना में गृह विभाग के बजट में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



## एक नजर

### 48 लाख 80 हजार राशन कार्डधारियों ने किया नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन




रायपुर। छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी 77 लाख राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 25 जनवरी से जारी है। 09 फरवरी की स्थिति में 48 लाख 80 हजार 829 राशन कार्डधारियों ने नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग द्वारा दी गई, ऑनलाइन सुविधा का लोग भरपूर लाभ उठा रहे हैं और स्वयं अपने मोबाइल से खाद्य विभाग के एप के जरिये राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं।

#### पहले स्थान पर बालोद जिला

गौरतलब है कि राशनकार्ड नवीनीकरण 25 जनवरी से 15 फरवरी 2024 तक किया जा रहा है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले स्थान पर बालोद जिले में कुल 2 लाख 21 हजार 810 हितग्राहियों में से 1 लाख 81 हजार 892 हितग्राहियों ने अपना ऑनलाईन आवेदन जमा किया है। इसी प्रकार पर द्वितीय स्थान पर कांकेर जिले में कुल 1 लाख 87 हजार 999 हितग्राहियों में से 1 लाख 45 हजार 57 हितग्राहियों ने अपना ऑनलाईन आवेदन जमा किया है और तीसरे स्थान पर धमतरी जिले में कुल 2 लाख 42 हजार 320 हितग्राहियों में से 1 लाख 85 हजार 585 हितग्राहियों ने अपना ऑनलाईन आवेदन जमा किया है।

## उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने किया 'शक्ति वंदन अभियान' का शुभारंभ



रायपुर। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण में रायपुर जिला प्रशासन के मार्गदर्श में आज शक्ति वंदन अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में शहरी व ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं को उन्होंने सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में रायपुर (उत्तर) विधायक पुरंदर मिश्रा, जिला पंचायत की अध्यक्ष मती डोमेश्वरी वर्मा, कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के सी.ई.ओ. विश्वदीप सहित नगर निगम रायपुर की नेता प्रतिपक्ष मती मीनल चौबे, पूर्व निगम अध्यक्ष संजय वास्तव सहित जिला प्रशासन, नगर निगम, पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मातृ शक्तियों के कल्याण हेतु संचालित की जा रही योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में शक्ति वंदन के साथ सरकार हर घर को समृद्ध, सुशिक्षित, सुविकसित करने के संकल्पों के साथ हर परिवार के आधार माताओं एवं बहनों को आत्मनिर्भर बनाने योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन, लखपति दीदी जैसी, पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा जैसी कई योजनाएं इस समय संचालित है, जिससे पूरे परिवार को अब आर्थिक संबल मिल रहा है।

## केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस छत्तीसगढ़ लौट रहे आईएएस सोनमणि बोरा

### भारत सरकार ने किया रिलीव



रायपुर. 1999 बैच के आईएएस अधिकारी सोनमणि बोरा छत्तीसगढ़ लौट रहे हैं. वे 2019 से भारत सरकार में डेप्युटेशन पर जॉइंट सेक्रेटरी के पद पर कार्यरत थे. केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से उन्हें रिलीव कर दिया गया है. बोरा केंद्र सरकार में लैंड मैनेजमेंट विभाग के जॉइंट सेक्रेटरी पद पर कार्यरत थे. बता दें कि बोरा प्रमुख सचिव रैंक के अफसर हैं. उनके आने के बाद प्रदेश में दो प्रमुख सचिव हो जाएंगे.

## सारनाथ एक्सप्रेस में गोली चलने से आरपीएफ़ जवान की मौत, एक यात्री घायल, मचा हडकंप

रायपुर। छपरा से दुर्ग तक चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस में गोली चलने की घटना में एक आरपीएफ जवान की मौत हो गई है, जबकि एक यात्री भी घायल हो गया है। रायपुर रेलवे स्टेशन में गोली चलने से अफरा-तफरी मच गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सारनाथ एक्सप्रेस सुबह रायपुर पहुंची थी।



जानकारी के अनुसार छपरा से दुर्ग तक चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस शनिवार सुबह अपने तय समय पर उसलापुर पहुंची। इसके बाद ट्रेन उसलापुर स्टेशन से रायपुर के लिए रवाना हुई। ट्रेन में आरपीएफ उप निरीक्षक एसडी डी घोष के साथ चार आरपीएसएफ जवान डयूटी पर तैनात थे।

### ट्रेन में गोली चलने से मची भगदड़

ट्रेन जैसे ही शनिवार सुबह रायपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची। इसी दौरान ट्रेन से उतरते समय स्लीपर के कोच नंबर दो से गोली चलने की आवाज आई। गोली आवाज सुनकर ट्रेन सहित रेलवे स्टेशन पर मौजूद यात्री दहशत में आ गए। साथी जवान जब मौके पर पहुंचे तो देखा कि आरपीएसएफ आरक्षक दिनेश चांद ट्रेन के फर्श पर गिरा पड़ा है।

प्राथमिक जांच में कहा जा रहा है कि गोली आरपीएसएफ आरक्षक दिनेश चांद के बंदूक से चली है। जिससे गोली आरक्षक दिनेश के सीने में जा लगी। जबकि इस घटना में एक यात्री भी जख्मी हो गया।

### आर्यन खान केस

## ईडी के रडार पर समीर वानखेड़े, मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत दर्ज किया केस

मुंबई । मुंबई नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े की मुश्किल बढ़ती जा रही हैं. अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम उन पर एक्शन के मूड में दिखाई दे रही है. कहा जा रहा है कि केंद्रीय एजेंसी उन्हें जल्द पूछताछ के लिए बुला सकती है. ईडी ने सीबीआई की ओर से दर्ज भ्रष्टाचार की एफआईआर के आधार पर आईआरएस अधिकारी समीर वानखेड़े के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज कर लिया है.



दरअसल, अक्टूबर 2021 में कॉर्डेलिया क्रूज जहाज पर ड्रग्स की जब्ती की जांच के बाद वानखेड़े सीबीआई के निशाने पर आ गए थे और जांच के मामले ने तूल पकड़ लिया था. कथित ड्रग्स जब्ती मामले में बॉलीवुड के 'बादशाह' शाहरुख खान के बेटे आर्यन सहित अन्य को गिरफ्तार किया गया था. ईडी ने समीर वानखेड़े के अलावा अगले हफ्ते नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के तीन अधिकारियों को तलब किया है, जिसमें सतर्कता अधीक्षक कपिल भी शामिल हैं. इन अधिकारियों से मुंबई कार्यालय में पूछताछ की जाएगी. साथ ही साथ श्रेष्ठ ने कुछ लोगों से पूछताछ भी की है. इस बीच, वानखेड़े ने मामले को रद्द करने और किसी भी एक्शन से सुरक्षा की मांग करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है.

### अमरजीत और करीबियों से मिला ढाई करोड़ कैश

## सीबीडीटीने अंबिकापुर कलेक्टर से मांगा 13 लोगों की संपत्ति का ब्यौरा

अंबिकापुर/रायपुर ए.। छत्तीसगढ़ के पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत और करीबियों के ठिकानों पर आईटी की जांच में करोड़ों रुपए की अघोषित संपत्ति मिली है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) नई दिल्ली की प्रिंसिपल कमिश्नर और प्रवक्ता सुरभि अहुलवालिया ने प्रेस रिलीज में इसकी जानकारी दी है। 25 ठिकानों पर एकसाथ छापेमारी के दौरान ढाई करोड़ कैश और जेवर समेत अघोषित संपत्ति के दस्तावेज जब्त किए हैं।



### रियल स्टेट में करोड़ों का निवेश

अहुलवालिया ने बताया है कि आयकर विभाग ने 31 जनवरी 2024 को अमरजीत भगत, करीबी सहयोगियों और कुछ सरकारी अधिकारियों के ठिकानों पर जांच अभियान शुरू किया था। अमरजीत के करीबी सहयोगियों में से एक रियल एस्टेट के कारोबार में है। आयकर विभाग ने अंबिकापुर कलेक्टर को पत्र लिखकर 13 लोगों की संपत्ति का ब्यौरा मांगा है।

तलाशी अभियान में छत्तीसगढ़ के रायपुर, सरगुजा, सीतापुर और रायगढ़ जिलों में फैले 25 से ज्यादा परिसरों को कवर किया गया। तलाशी अभियान के दौरान, कई आपत्तिजनक दस्तावेज़, अघोषित बैलेंस शीट और डिजिटल सबूत मिले हैं, जिन्हें जब्त किया गया है।

### 13 करोड़ की अवैध कमाई रियल स्टेट में लगी

आयकर विभाग ने बताया कि जब्त सबूत इन व्यक्तियों के भ्रष्टाचार और दूसरे संदिग्ध कारनामों को उजागर करते हैं। शुरुआती एनालिसिस से पता चलता है कि इन व्यक्तियों ने सरकार से जुड़े कामों में अलग-अलग व्यक्तियों को अनुचित लाभ देने के बदले में अवैध धन हासिल किया है। तलाशी के दौरान बरामद आपत्तिजनक दस्तावेजों में करीबी सहयोगियों के जरिए अमरजीत की 13 करोड़ रुपए की अवैध कमाई का जिक्र है। इसके अलावा जब्त सबूतों से पता चलता है कि गलत तरीके से कमाया गया यह पैसा पीईपी के सहयोगियों के जरिए रियल एस्टेट में निवेश किया गया है।

### सहयोगियों के 8 करोड़ रियल स्टेट में


आयकर विभाग को अचल संपत्ति की खरीद में ऑन-मनी (नगद) भुगतान का प्रमाण मिला है। 3 करोड़ रुपए से ज्यादा के बेहिसाब नगद व्यय के साक्ष्य मिले हैं। रियल एस्टेट कारोबार में PEP (POLITICAL EXPOSED PERSON) के सहयोगियों से कमाए गए 8 करोड़ रुपए भी पाए गए हैं।

ऐसे सबूतों की सच्चाई को (PEP) अमरजीत भगत के करीबी सहयोगियों और उनके कर्मचारियों के बयानों से भी बल मिला है। आयकर विभाग के अनुसार PEP (अमरजीत भगत) के करीबी सहयोगियों के अवैध रूप से जमीन हड़पने से जुड़े आपत्तिजनक दस्तावेज भी पाए गए हैं। जिन किसानों और प्रभावित व्यक्तियों की भूमि इस तरह से हस्तांतरित की गई है।

# मोदी के 'चार सौ पार' के दावे में गुंथे सियासी प्रबंधन के तार..!

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के उत्तर में संसद में आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा द्वारा अपने दम पर 370 और एनडीए द्वारा 4 सौ के पार सीटें जीतने का जो दावा किया गया था, उसका आधार मोदी सरकार द्वारा भारत रत्न सम्मानों की झड़ी तथा विपक्षी तथा दूसरे दलों को अपनी छतरी में लाने के अभियान से समझा जा सकता है। वैसे प्रधानमंत्री ने जो दावा कर रहे हैं, वह जमीन पर कितना उतरेगा, यह तो चुनाव नतीजे ही बताएंगे, लेकिन उसे साकार करने की दिशा में स्वयं प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी भाजपा जिस तरह जमीन आसमान एक किए दे रही है, उससे लगता है कि यह सच हो भी सकता है। भले ही चुनाव पूर्व किए जा रहे ओपीनियन पोल के नतीजे अभी इस दावे को दूर की कौड़ी ही बता रहे हों।

बहरहाल, भाजपा की चार सौ पार की यह रणनीति कई स्तरों पर नजर आती है और साम-दाम-दंड-भेद से प्रेरित है। नैतिक आधार पर इसकी आलोचना हो सकती है, लेकिन व्यावहारिक स्तर पर वह सफल होती दिखती है। यूं भी राजनीति मूलतः सत्ता का खेल है और कुर्सी ही इसका अंतिम साध्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह इसे बखूबी समझते हैं। इसीलिए दो कदम आगे बढ़ने के लिए एक कदम पीछे हटने में भी उन्हें गुरेज नहीं है। आज क्या हासिल होगा, यही उनका प्राथमिक लक्ष्य है। कल क्या होगा, भावी इतिहास इसका आकलन किस रूप में करेगा, नीति शास्त्र में उसे कहां जगह मिलेगी, नियम-कानूनो की लक्ष्मण रेखाओं की सुविधाजनक व्याख्या कैसे की जाएगी, आज लोकतंत्र की आधारभूत संस्थाओं के हाथ किसे सेल्यूट कर रहे हैं, जैसे सवाल आगे भी उठेंगे लेकिन मोदी राजनीति शास्त्र में इन सवालों की चिंता किए बगैर बहुतांश की जनाकांक्षा को किस भाव से पढ़ा जाए और उसे किस तरह अपने पक्ष में मोड़ा जाए, यह हिकमत ही नया पॉलिटिकल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस है। और मोदी इस प्रौद्योगिकी के मास्टर हैं। इसी बाजीगरी को इस साल घोषित पांच भारत रत्नों में बूझने की कोशिश मोदी के आलोचक कर रहे हैं। हालांकि, भारत रत्न जैसा सर्वोच्च पुरस्कार जाति, धर्म, समुदाय और क्षेत्रीय दुराग्रहों से परे है और देश की असाधारण सेवा के लिए दिया जाता है। लेकिन इस बार दिए गए पांचो भारत रत्नों में जाति और भौगोलिक क्षेत्र के महीन समीकरण साधने का भाव भी निहित है। भले ही घोषित तौर पर यहा कहा जाए कि हमने वैचारिक मतभेदों के परे जाकर भारत रत्न पुरस्कार दिए हैं। लेकिन न साधकर भी बहुत कुछ साधने की सियासी



अब सवाल यह है कि क्या भाजपा को लोकसभा चुनाव में इसका लाभ वोटों के रूप में मिलेगा, इसका जवाब पाने के लिए हमे नतीजों का इंतजार करना होगा। इसके दो कारण हैं। पहला तो यह कि भारत रत्न पुरस्कारों में निहित राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूर्ववर्ती अनुभवों में बहुत ज्यादा फलित होती नहीं दिखी है।

कारीगरी इसमें साफ झलकती है। अब सवाल यह है कि क्या भाजपा को लोकसभा चुनाव में इसका लाभ वोटों के रूप में मिलेगा, इसका जवाब पाने के लिए हमे नतीजों का इंतजार करना होगा। इसके दो कारण हैं। पहला तो यह कि भारत रत्न पुरस्कारों में निहित राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूर्ववर्ती अनुभवों में बहुत ज्यादा फलित होती नहीं दिखी है। इसका कारण शायद यह भी है कि पहले के कर्णधारों ने भारत रत्नों के जरिए राजनीतिक हित साधने की झीनी कोशिश जरूर की थी, लेकिन वह उतनी शिद्दत से नहीं थी, जैसी कि इस बार दिखती है। दूसरे, जो पुरस्कार दिए गए हैं या और भी दिए जा सकते हैं, वो ठीक चुनाव के मुहाने पर हैं। लिहाजा इसका कुछ न कुछ असर होने की पूरी संभावना है, जिसका फायदा भाजपा और एनडीए को किसी न किसी रूप में होगा। तीसरे, विचार और आग्रहों के स्तर पर जैसी जबर्दस्त गोलबंदी ऊपर से नीचे तक अब दिखाई दे रही है या करने की कोशिश की जा रही है, वैसी एक दशक पहले तक नहीं थी। जिस होशियारी से ये भारत रत्न दिए गए हैं, उसकी आलोचना मोदी विरोधी भी खुलकर नहीं कर पा रहे हैं। हालांकि इसमें खतरा यह है कि अगर यह दांव चल गया तो आने वाले समय में किसी भी प्रधानमंत्री को 'भारत रत्न लो और वोट दो' की नीति पर ही काम करना होगा। इसकी शुरूआत हो भी चुकी है। मायावती ने दलितों के नेता कांशीराम और शिवसेना ने बाला साहब ठाकरे को भारत रत्न देने की मांग कर दी है। इनके नामो की घोषणा हो भी सकती है बशर्ते ये सब एनडीए के शामियाने में अपना राजनीतिक स्टॉल लगा लें। दूसरे शब्दों में कहें तो अब किसी विशिष्ट क्षेत्र में अन्यतम योगदान के जरिए देश सेवा के लिए भारत रत्न देकर राष्ट्रीय कृतज्ञता जताने का दौर धुंधला चुका है। यह असंभव नहीं कि भारत रत्न अब जातीय/ सामुदायिक अथवा क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व या फिर राजनीतिक लामबंदी की योग्यता के आधार पर ही दिए जाने लगें। इसमें शक नहीं कि लोकसभा चुनाव में चार सौ पार का आंकड़ा हासिल करने के लिए भाजपा अपना एनडीए कुनबा बढ़ाने की हर संभव कोशिश कर रही है। पहले जदयू का लौटना, अब रालोद का एनडीए में शामिल होना, पंजाब में अकाली दल को लौटाने की कवायद इसी का हिस्सा है। उधर दक्षिण में पी.वी. नरसिंहराव को भारत रत्न देने का स्वागत पूर्व सत्तारूढ़ रही भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष केसीआर ने किया है। केसीआर की पार्टी ने तीन साल पहले पी.वी. नरसिंहराव की जन्मशती धूमधाम से मनाई थी और उन्हें 'तेलंगाना का गौरव' और 'भारतमाता का परम प्रिय पुत्र' कहा था। तब कांग्रेस खामोश ही रही थी। हालांकि, अब नरसिंहराव को भारत रत्न देने की घोषणा के बाद कांग्रेस यह कह रही है कि उन्हें प्रधानमंत्री तो हमने ही बनाया था। पी.वी. नरसिंहराव अविभाजित आंध्र के मुख्यमंत्री थे। ऐसे में आंध्र में भी इसका कुछ तो संदेश गया ही है। खासकर तब कि जब भाजपा और चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी फिर साथ आने की बात चल रही है।

- अजय बोकिल

## संपादकीय

### फिर भी निशाना कांग्रेस!

दोनों सदनों में मोदी के भाषण का सार रहा कि कांग्रेस भले आज बेहद कमजोर हो और कुछ बौद्धिक क्षेत्रों को छोड़ कर नेहरू की विरासत को शायद ही कहीं याद किया जाता हो, लेकिन भाजपा अब भी इन दोनों को ही अपनी प्रमुख चुनौती मानती है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों सदनों में निशाने पर कांग्रेस को रखा। पार्टी को गुजरे जमाने की कहानी बताया। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे नेताओं का मखौल भी उड़ाया। मोदी की इस शैली को अनेक लोग संसदीय मर्यादा के अनुरूप नहीं मानते। लेकिन अब उनकी इस शैली से देश भलि-भांति परिचित हो चुका है। यह अपेक्षा अब शायद ही किसी को रहती होगी कि कम-से-कम संसद में बोलते वक्त नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री के अनुरूप बोलेंगे। इसलिए इस बिंदु को छोड़ते हुए उन्होंने जो कहा, उसके मतलब समझने पर लोग अब अधिक ध्यान देते हैं। इस बार दोनों सदनों में दिए उनके भाषण का सार रहा कि कांग्रेस भले आज बेहद कमजोर हो चुकी हो और कुछ बौद्धिक क्षेत्रों को छोड़ कर जवाहर लाल नेहरू की विरासत को शायद ही कहीं याद किया जाता हो, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (और संभवत: उसके मातृ संगठन आरएसएस) की नजर में अब भी ये दोनों को ही उसके लिए प्रमुख राजनीतिक चुनौती हैं। यह बात उसके व्यवहार में भी झलकती है। 2022-23 में राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान 'नफरत के बाज़ार में मोहब्बत की दुकान' की जो उपमा उछाली, उससे बने प्रभाव को भाजपा ने पूरी गंभीरता से लिया। खुद राहुल गांधी ने भले उस कथानक को बीच में छोड़ दिया, लेकिन भाजपा ऐसे प्रयासों से उत्पन्न हो सकने वाली चुनौती को बेहतर समझती है।

# भारत रत्नः पीएम मोदी का मास्टर स्ट्रोक... स्पष्ट हैं इसके राजनीतिक संदेश

भारत रत्न का सम्मान दिए जाने और न दिए जाने के पीछे हमेशा से राजनीति होती रही है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने इसे नया अर्थ और प्रासंगिकता दी है। प्रणब मुखर्जी, भूपेन हजारिका और नानाजी देशमुख हों या फिर लालकृष्ण आडवाणी और कर्पूरी ठाकुर, यह उन लोगों को सम्मानित करने की मोदी की राजनीति के स्पष्ट संकेत थे, जिन्हें कांग्रेस द्वारा नजर अंदाज और तिरस्कृत किया गया था। पूर्व प्रधानमंत्रियों पीवी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह के साथ कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिए जाने की मोदी की नवीनतम घोषणा से यह पता चलता है कि उनकी सरकार भारत की समकालीन राजनीति और अर्थव्यवस्था में इन तीनों हस्तियों की भूमिका को कितना महत्व देती है। इन्हें क्रमशः पहली पीढ़ी के आर्थिक सुधारों, किसानों के हितों की वकालत करने वाले और बेहतर खाद्य उत्पादकता और सुरक्षा के लिए विज्ञान का उपयोग करने वाले चैंपियन के रूप में देखा जाता है। दिलचस्प यह है कि ये सभी 2024 के चुनावों के लिए नरेंद्र मोदी के अभियान के पसंदीदा विषय हैं। दरअसल, महान कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को यह पुरस्कार 1960 के दशक में भारत के खाद्य संकट को खत्म करने के लिए हरित क्रांति को लाने में उनकी बड़ी भूमिका को मान्यता देता है। यह स्वामीनाथन की रणनीति ही थी, जिसकी बदौलत भारत के कृषि उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई। अमेरिकी कृषि वैज्ञानिक नॉर्मन बोरलॉग के सहयोग से बतौर वैज्ञानिक उनके काम के परिणामस्वरूप पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों को उच्च उपज की किस्म वाले बीज, पर्याप्त सिंचाई सुविधाएं और उर्वरक उपलब्ध कराए गए। वर्षों बाद, 2004 से 2006 के बीच राष्ट्रीय किसान आयोग के अध्यक्ष के रूप



आर्थिक सुधारों, कृषि और कृषि विज्ञान क्षेत्र के दिग्गजों को देश के सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' से नवाज कर प्रधानमंत्री मोदी ने एक मास्टर स्ट्रोक खेला है, जिसके राजनीतिक संदेश स्पष्ट हैं।

में डॉ. स्वामीनाथन ने सिफारिश की थी कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), जिस पर किसान अपनी फसलें सरकार को बेचते हैं, वह औसत उत्पादन लागत से कम से कम 50 फीसदी ज्यादा होना चाहिए। डॉ. स्वामीनाथन के योगदान का महत्व इस तथ्य से समझा जा सकता है कि आज ऐसा कोई दिन नहीं बीतता, जब किसानों के संघ कानूनी गारंटी के रूप में सभी उपज के लिए एमएसपी निर्धारित करने के लिए स्वामीनाथन फॉर्मूले को लागू करने की मांग न करते हों। यह महज संयोग तो नहीं हो सकता कि स्वामीनाथन को पुरस्कार तब दिया गया है, जब उपज की खरीद के लिए कानूनी गारंटी और बिजली के बिलों में संशोधन सहित अपनी लंबित मांगों के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा और ट्रेड यूनियनों द्वारा अखिल भारतीय हड़ताल का आह्वान किया गया हो। दूसरी तरफ, चुनावी वर्ष में नरसिम्हा राव और चरण सिंह को भारत रत्न पुरस्कार महज उनके योगदान को मान्यता नहीं है, बल्कि यह मतदाताओं की याद्दाश्त को ताजा करने का मोदी का तरीका है कि कैसे उन्होंने नेहरू-गांधी परिवार को चुनौती दी थी, जिससे सोनिया और राहुल गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस के बारे में भाजपा का जो नैरेटिव रहा है, उसे ही मजबूती मिलती है। इससे पहले वरिष्ठ भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा की गई थी। आडवाणी भाजपा के राम मंदिर आंदोलन का चेहरा थे, जिन्होंने 1992 के उन दृश्यों को देखा था, जब भीड़ द्वारा विवादित ढांचे को गिरा दिया गया था। कालांतर में इस आंदोलन ने एक लंबी कानूनी लड़ाई का रूप लिया, जिसकी परिणति सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले के रूप में हुई, जिसने भव्य मंदिर खोलने का मार्ग प्रशस्त किया। कर्पूरी ठाकुर की भूमिका तो और भी महत्वपूर्ण है। वह सिर्फ ओबीसी राजनीति का चेहरा नहीं थे, बल्कि कांग्रेस के कट्टर आलोचक और बिहार में कांग्रेस विरोधी आंदोलन का गढ़ भी थे। बिहार के पहले ओबीसी मुख्यमंत्री के तौर पर ठाकुर राज्य में ओबीसी के लिए कोटा शुरू करने वाले पहले व्यक्ति थे। नरसिम्हा राव नेहरू-गांधी परिवार से बाहर के पहले कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे। उन्होंने 1991 में उदारीकरण की पहली लहर शुरू करने का राजनीतिक साहस दिखाया और 1996 तक बदलावों के लिए काम करते रहे, जब तक कि उनकी सरकार चुनाव हार नहीं गई। प्रधानमंत्री के रूप में अपने चुनौतीपूर्ण वर्षों के दौरान राव ने उस वक्त सोनिया गांधी के नजदीकी समझे जाने वाले शरद पवार और अर्जुन सिंह जैसे कांग्रेसी नेताओं की चुनौतियों का भी सामना किया।

शेखर अय्यर

## मिला जुला

# लोकसभा चुनाव से पहले ही लागू हो जाएगा सीएए', गृह मंत्री अमित शाह का बड़ा एलान

नई दिल्ली. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 370 सीट एवं उसके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 से अधिक सीट मिलेंगी और केंद्र में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी. अमित शाह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर कोई संशय नहीं है और यहां तक कि कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों को भी एहसास हो गया है कि उन्हें फिर से विपक्ष में बैठना होगा. नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (CAA) पर अमित शाह ने कहा कि 2019 में लागू कानून, इस संबंध में नियम जारी करने के बाद लोकसभा चुनाव से पहले लागू किया जाएगा.

### CAA किसी की भारतीय नागरिकता छीनने के लिए नहीं

नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (CAA) पर, अमित शाह ने कहा कि 2019 में लागू कानून, इस संबंध में नियम जारी करने के बाद लोकसभा चुनाव से पहले लागू किया जाएगा. उन्होंने कहा, 'हमारे मुस्लिम भाइयों को गुमराह किया जा रहा है और भड़काया जा रहा है (सीएए के खिलाफ). सीएए केवल उन लोगों को नागरिकता देने के लिए है जो पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में उत्पीड़न का सामना करने के बाद भारत आए हैं. यह किसी की भारतीय नागरिकता छीनने के लिए नहीं है.'



### 370 हटाया... लोग BJP को 370 सीटों पर जीत दिलाएंगे

अमित शाह ने 'ईटी नाउ ग्लोबल बिजनेस समिट 2024' में कहा, 'हमने (पूर्ववर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के) अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया है, इसलिए हमें भरोसा है कि देश की जनता भाजपा को 370 सीट और राजग को 400 से अधिक सीट पर जीत दिलाकर अपना आशीर्वाद देगी.'

### परिवार नियोजन में विश्वास

जयंत चौधरी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोकदल (रालोद), शिरोमणि अकाली दल (शिअद) और कुछ अन्य क्षेत्रीय दलों के राजग में शामिल होने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर गृह मंत्री ने सत्तारूढ़ गठबंधन में और दलों के शामिल होने का संकेत दिया और कहा कि भाजपा 'परिवार नियोजन में विश्वास करती है, लेकिन राजनीति में इसे नहीं अपनाती.卐 शिअद के शामिल होने की संभावना को लेकर फिर से पूछे जाने पर शाह ने कहा, वार्ता जारी है लेकिन कुछ भी तय नहीं हुआ है.

### विकास और महज नारे देने वालों के बीच का चुनाव

अमित शाह ने कहा कि 2024 का चुनाव राजग और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) के बीच नहीं, बल्कि विकास और महज नारे देने वालों के बीच का चुनाव होगा. उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' के बारे में पूछे जाने पर कहा कि नेहरू-गांधी वंशज को इस तरह की यात्रा करने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि 1947 में देश के विभाजन के लिए उनकी पार्टी जिम्मेदार थी. अमित शाह ने अयोध्या में राम मंदिर को लेकर कहा कि इससे पहले तुष्टिकरण की राजनीति के कारण और कानून-व्यवस्था का हवाला देकर राम मंदिर नहीं बनने दिया गया.

## सरकार के खेमे में दिखे जयंत चौधरी, बोले- मोदी सरकार की कार्यशैली में चौधरी चरण के विचारों की झलक

**लखनऊ.** एनडीए और रालोद के गठबंधन की अटकलों के बीच राष्ट्रीय लोकदल की मुखिया जयंत चौधरी संसद के बजट सत्र के दौरान शनिवार को सरकार के खेमे में नजर आए। यही नहीं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर बीजेपी सरकार की जमकर तारीफ की। उन्होंने पीएम मोदी की भी सराहना की। आरएलडी के सांसद जयंत चौधरी ने कहा कि उन्होंने कहा 10 साल में विपक्ष में रहा। अभी कुछ देर पहले ही मैं इस तरफ बैठा हूं। जयंत चौधरी ने कहा कि आज की सरकार की कला शैली में चौधरी चरण सिंह की



झलक दिखती है। जयंत ने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा जब प्रधानमंत्री ग्रामीण क्षेत्रों में शौच व्यवस्था पर प्रकाश डालते हैं जब महिला सशक्तिकरण को सरकार अपनी प्लेटफार्म बनती है तो मुझे उसमें चौधरी चरण सिंह की याद आती है। जयंत ने कहा कि आज हम नेता लोग बंटे हुए हैं। कुछ का कहना है कि चौधरी चरण सिंह सिर्फ जाट नेता थे। वह किसानों के लिए काम करते थे। ऐसा बिल्कुल नहीं है, चौधरी चरण विचारक थे चौधरी किसी पार्टी के नहीं बल्कि सभी के हैं। जयंत ने कहा कि मेरा मानना है कि पीएम मोदी और भारत सरकार ने चौधरी शरण सिंह को भारत रत्न दिया।

## नतीजों के बीच इमरान खान को 12 मुकदमों में बेल, 40 घंटे बाद भी 15 सीटों के रिजल्ट पर फंसा पेच

**पाकिस्तान** के एक एंटी टेररिज्म कोर्ट ने पिछले साल मई में सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों से संबंधित 12 मामलों में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी को जमानत दे दी. यह फैसला तब आया है, जब पाकिस्तान चुनाव नतीजों में इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने सबसे ज्यादा सीटें जीती हैं. हालांकि, नवाज शरीफ की पीएमएल-एन सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है. पाकिस्तान चुनाव आयोग के अनुसार, 15 सीटों पर अब भी नीतजे घोषित नहीं हो सके हैं. बता दें कि पाकिस्तान में 265 सीटों के



लिए 8 फरवरी को मतदान हुए थे. अब तक 250 सीटों के जो नतीजे सामने आए हैं, उनमें 99 पर पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है. पीएमएल-एन ने 71 और पीपीपी ने 53 सीटें और एमक्यूएम ने 17 सीटें जीत हैं, जबकि 10 सीटों पर अन्य ने जीत दर्ज की है. एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, चुनाव के नतीजों में देरी को लेकर पीटीआई कार्यकर्ताओं ने पेशावर और क्वेटा में विरोध प्रदर्शन किया. आम चुनावों में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) से संबद्ध स्वतंत्र उम्मीदवारों की बड़ी संख्या में जीत के बाद, पूर्व सत्तारूढ़ दल ने अन्य राजनीतिक दलों के साथ गठबंधन बनाने पर चर्चा के लिए एक बैठक बुलाई है. जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पीटीआई के अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर खान, असद कैसर, अली मुहम्मद खान और अन्य लोग बैठक में भाग लेंगे, जिसमें नई केंद्रीय और प्रांतीय सरकारों के गठन पर चर्चा होगी. इससे पहले पीपीपी सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सुप्रीमो नवाज शरीफ और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सह-अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी ने शुक्रवार रात लाहौर में एक बैठक की.

## करोड़ों कर्मचारियों के लिए खुशखबरी, ईपीएफओ ने 2023-24 के लिए ब्याज दर 8.25 प्रतिशत तय की

देश के रिटायरमेंट फंड निकाय ईपीएफओ ने शनिवार को साल 2023-24 के लिए ब्याज दर तय कर दी है। यह ब्याज दर 8.25 प्रतिशत रहेगी और यह बीते तीन वर्षों में सबसे ज्यादा है। मार्च 2023 में कर्मचारी भविष्य निधि फंड में सरकार ने 2022-23 के लिए ब्याज दर 8.15 प्रतिशत तय की थी। वहीं 2021-22 के लिए यह 8.10 प्रतिशत थी। मार्च 2022 में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने 2021-22 के लिए ब्याज दर को बीते चार दशकों के मुकाबले कम करते हुए 8.1 प्रतिशत कर दिया था। यह 1977-78 के बाद सबसे कम था। ईपीएफओ में फैसले लेने वाली निकाय सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (सीबीटी) ने शनिवार को हुई बैठक में कर्मचारी भविष्य निधि के लिए 2023-24 में ब्याज दर 8.25 प्रतिशत करने का फैसला किया है।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय टांगरगांव मिनी स्टेडियम में आयोजित अभिनंदन समारोह में हुए शामिल

## ढोल बाजे एवं पारंपरिक करमा नृत्य से किया गया मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत

जोहार छत्तीसगढ़-
जशपुरनगर।









मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जशपुर जिले के कांसाबेल के टांगरगांव मिनी स्टेडियम में आयोजित स्वागत और अभिनंदन समारोह में शामिल होने पहुंचे। टांगरगांव में अंशकालीन सफाई कर्मचारी कल्याण संघ अभिनंदन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। मुख्यमंत्री का सम्मान करने के लिए यहां बड़ी संख्या में स्कूल कर्मचारी संघ, सफ ई कर्मचारी संघ, लघु वनोपज सहकारी संघ, आंगनबाड़ी सहायिका संघ, रसोईया संघ, और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद हैं। मुख्यमंत्री का ढोल बाजे एवं पारंपरिक करमा नृत्य से भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अभिनंदन एवं सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने बहुत आत्मीय स्वागत किया है। ये अभिनंदन वास्तव में आप सभी का है। आप सभी ने हमें भरपूर आशीर्वाद दिया है, जिसके कारण सरकार बनी है। आप सब अभिनंदन के असली हकदार है। मैं मुख्यमंत्री के नाते आप सभी से वादा करता हूँ कि जो भी वादा हमने किया है। वो सारे वादे पूरे करेंगे।आप सभी ने हमें आश्वस्त किया था, आपने वह करके भी दिखा दिया, आपने हमारी सरकार बना दी। आपकी समस्या से हम अवगत हैं। हम आप सभी के बीच से ही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जब 15 साल हमारी सरकार रही, तब इसकी शुरुआत हुई थी। हम आपकी मांगों पर मिलकर बात करेंगे, आपके हित में निर्णय लेंगे। मैं आप सभी के थोड़ा वक्त मांगता हूं। आपकी मांगें पूरी होंगी। मोदी की गारंटी करना हमारे लिए महत्वपूर्ण था, हम उस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

**मुख्यमंत्री ने कांसाबेल के तीर्थ स्थल तुर्रीघाट, मुक्ति धाम और इंडोर स्टेडियम के निर्माण तथा सौंदर्यकरण कार्य की घोषणा की**

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा अभिनंदन एवं सम्मान समारोह में की गई घोषणाएं*

इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जशपुर जिले के कांसाबेल स्थित तीर्थस्थल तुर्रीघाट के सौंदर्यकरण कार्य के लिए 20 लाख रुपए की घोषणा की। साथ कांसाबेल में इंडोर स्टेडियम के निर्माण और कांसाबेल स्थित मुक्ति धाम के सौंदर्यकरण कार्य की घोषणा की है। कार्यक्रम में पत्थलगांव विधायक साय, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण सहित भारी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## एक नजर

### भूमकाल स्मृति दिवस में अमर शहीद वीर गुण्डाधुर को किया गया श्रद्धासुमन अर्पित



**कोंडागांव।** शहीद गुण्डाधूर महाविद्यालय कोंडागांव में भूमकाल दिवस की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने अमर शहीद गुण्डाधूर को श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दौलतराम पोर्ते सहित महाविद्यालयीन विद्यार्थी तथा नक्सल पीड़ित परिवारों के सदस्य उपस्थित थे।



### भूमकाल दिवस के अवसर पर दन्तेवाड़ा पुलिस का स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**दन्तेवाड़ा।** पुलिस लाईन कारली, दन्तेवाड़ा में, दन्तेवाड़ा पुलिस ने जन सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भूमकाल दिवस के अवसर पर एक स्वैच्छिक रक्तदान महादान शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर, पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा गौरव राय (भा.पु.से.), अनुविभाग अधिकारी पुलिस बारसूर श्रीमती उन्नति ठाकुर, और उप पुलिस अधीक्षक (यातायात/डीआरजी/अजाक.) के.के. चन्द्राकर ने भी रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के दौरान, दन्तेवाड़ा पुलिस के अधिकारी और कर्मचारीगण ने बड़ी संख्या में रक्तदान किया। पुलिस अधीक्षक श्री राय ने रक्तदान करते हुए कहा कि रक्तदान से आकस्मिक स्थिति में जरूरतमंद व्यक्तियों का जीवन बचाया जा सकता है, और रक्त का कोई विकल्प नहीं है।

जिला चिकित्साधिकारी दन्तेवाड़ा ने पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा को पत्र द्वारा सूचित किया कि जिला चिकित्सालय में संचालित ब्लड बैंक में ब्लड यूनिट की कमी हो रही है, और इसकी आवश्यकता जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा के चार विकासखंडों में अनेमिया से पीड़ित, सड़क दुर्घटना, प्रसूति महिलाएं, और आपातकालीन मरीजों के लिए हो रही है। इस मामले में, आज जिला पुलिस बल दन्तेवाड़ा ने रक्तदान शिविर के माध्यम से रक्त संग्रहित किया। इस दौरान, पुलिस के कुल 24 अधिकारी और कर्मचारी ने कुल 24 यूनिट रक्त संग्रहित किया, जो आगामी समय में जरूरतमंद लोगों के लिए उपयोगी साबित होगा। रक्तदान के महत्व को और बढ़ावा देने के लिए, हम सभी को ब्लड डोनर बनने की अपील करते हैं। रक्तदान करने से न केवल हम दूसरों की मदद करते हैं, बल्कि अपने स्वास्थ्य के लिए भी लाभान्वित होते हैं। एक रक्तदाता बनने के लिए, आप स्थानीय अस्पताल या ब्लड बैंक में संपर्_क कर सकते हैं। हम सभी मिलकर एक कदम आगे बढ़ाएं और रक्तदान के महत्व को सभी से साझा करे।

### शक्ति वंदन कार्यक्रम में नारी शक्ति का हुआ सम्मान

उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वसहायता समूह की महिलाओं को किया गया सम्मानित

**कोरबा** । नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 16 चारपारा कोहड़िया में आयोजित '' शक्ति वंदन कार्यक्रम '' में नारी शक्ति का सम्मान किया गया, उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वसहायता समूह की सदस्यों, महिलाओं को सम्मानित किया गया, इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, वार्ड पार्षद नरेन्द्र देवांगन सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने नारी शक्ति को सम्मानित किया, वहीं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा समाज के सभी वर्गो के लिए क्रियान्वित की गई जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। निगम के वार्ड क्र. 16 चारपारा कोहड़िया स्थित सामुदायिक भवन परिसर में शक्ति वंदन अभियान के तहत '' शक्ति वंदन कार्यक्रम '' आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अतिथिगण भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, वार्ड पार्षद नरेन्द्र देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भारत माता, डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं पं.दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्रों पर पुष्पमाला अर्पण व दीप प्रज्वलन कर '' शक्ति वंदन कार्यक्रम '' का शुभारंभ कराया। इस मौके पर केन्द्र व राज्य प्रवर्तित योजनाओं के स्टाल लगाए गए।

# कोंडागांव जिले को बनाया जाएगा निर्यात केन्द्र

निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए किया गया कार्यशाला का आयोजन






**कोंडागांव।** कोंडागांव जिला अपने अद्वितीय हस्तशिल्प के लिए प्रसिद्ध है। इसके साथ ही यहां के लघु वनोपज, लघु धान्य फसल इत्यादि की भी वैश्विक बाजार में मांग बढ़ाई जा सकती है। कोंडागांव जिले के उत्पादों को वैश्विक बाजार में स्थान उपलब्ध कराने के लिए शनिवार को भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत विदेश व्यापार महानिदेशक नागपुर के प्रतिनिधियों द्वारा कोंडागांव में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभागार में आयोजित कार्यशाला में क्षेत्र के व्यापारी, राईस मिलर्स, हस्तशिल्पकार, स्व सहायता समूह की महिलाएं आदि उपस्थित थीं। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने कहा कि आज की कार्यशाला से क्षेत्र के व्यवसायियों को अपने उत्पादों को विदेशी बाजार तक स्थापित करने की प्रेरणा और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। उन्होंने कोंडागांव को हस्तशिल्प की दृष्टि से अद्भुत बताते हुए कहा कि यहां के उत्पादों में क्षमता है, कि वे वैश्विक बाजार में स्थान बना सकते हैं। उन्होंने आगामी छः माह के भीतर उत्पादों को वैश्विक बाजार में निर्यात का लक्ष्य रखते हुए कार्य करने की बात कही।

पुलिस ने मनाया भूमकाल स्मृति दिवस,

# कोंडागाँव जिला में अमर शहीद वीर गुण्डाधुर को किया श्रद्धासुमन अर्पित





**कोण्डागांव।** दिनांक 10.02.2024 को कोंडागाँव में भूमकाल दिवस मनाया गया। जिस दौरान कलेक्टर कोंडागाँव श्री कुणाल दुदावत (भा.प्र.से.) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दौलत राम पोर्ते के नेतृत्व में भूमकाल आंदोलन के महानायक अमर शहीद वीर गुण्डाधुर की स्मृति में जिला कोंडागाँव के शासकीय गुण्डाधुर महाविद्यालय कोंडागाँव में अमर शहीद गुण्डाधुर के योगदान और आदर्शों को याद करते हुए उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। भूमकाल दिवस के अवसर पर पुलिस ने कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय नागरिकों और छात्र-छात्राओं को अमर शहीद गुण्डाधुर के योगदान से अवगत कराते हुए उन्हे मानव अधिकारों से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान नक्सल पीड़ित परिवारों के द्वारा अमर शहीद गुण्डाधुर के प्रतिमा पर पुष्पगुच्छ चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इसके पश्चात जिले के वीर शहीदों का नाम वाचन कर उन्हें याद किया गया एवं सभी पीड़ित परिवारों को जिला कलेक्टर द्वारा आश्वाशन दिया गया एवं नक्सल संगठन में जुड़े लोगों को मुख्य धारा में लौटने हेतु संदेश दिया गया। सभी पीड़ित परिवारों को स्वल्पाहार कराया गया तत्पश्चात उनके गांव के लिए रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि अमर शहीद गुण्डाधुर के नेतृत्व में सन् 1910 में बस्तर में हुए भूमकाल आंदोलन में आदिवासियों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ डटकर संघर्ष किया था। अमर शहीद गुण्डाधुर का जीवन अत्यंत संघर्ष मय रहा।

# नगर पालिका द्वारा शक्ति वंदन कार्यक्रम का किया गया आयोजन





**कोण्डागांव।** नगर पालिका परिषद कोण्डागांव में महिला स्व सहायता समूह का %शक्ति वंदन कार्यक्रम% का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसमें महिला स्व सहायता समूह के संकल्प से शक्ति और संगठन से समृद्धि अभियान और सशक्तिकरण का नारा दिया गया। महिला स्व सहायता समूह नगरीय क्षेत्र में रोजगार के बहुत से कार्यों में अपना योगदान दे रही है। उन्हें जागरूक करने एवं सही मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महिला एवं सहायता समूह, एरिया लेवल फेडरेशन और सिटी लेवल फेडरेशन के सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित थे। आयोजन में मुख्यतः केन्द्र की हितग्राही मूलक योजनाओं जैसे की प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान योजना, आवास योजना, महतारी वंदन योजना आदि की जानकारी प्रदान की गई। योजना से संबधित विभागों द्वारा प्रचार सामग्री आदि वितरण किया गया साथ ही अन्य शासकीय योजना के विषय में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने कहा कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है तथा इसी दिशा में आज जिला मुख्यालय में शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इज़्के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु शासन द्वारा संचालित योजनाओं को प्रमुखता से पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

दन्तेवाड़ा पुलिस ने किया भूमकाल दिवस का आयोजन

# वीर गुण्डाधूर के साथ साथ नक्सल घटना में शहादत हुए आम नागरिकों को दी गई श्रद्धांजली

जिला में पहली बार किया गया इस प्रकार के आयोजन का पहल








**दंतेवाड़ा।** भूमकाल दिवस पर आज 10 फरवरी को दन्तेवाड़ा पुलिस के द्वारा महानायक स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी अमर शहीद वीर गुण्डाधुर व अन्य योद्धाओं की स्मृति में भूमकाल स्मृति दिवस का आयोजन कर श्रद्धांजली अर्पित किया गया। इस अवसर पर बस्तर के अंचल में अंग्रेजी शासन के विरूद्ध सबसे बड़ा आंदोलन भूमकाल आन्दोलन के बारे में जानकारी दी गई। दन्तेवाड़ा पुलिस लाईन कारली में कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा श्री गौरव राय (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. बर्मन,अनुविभाग अधिकारी पुलिस बारसूर श्रीमती उन्नति ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक (यातायात/डीआरजी/अजाक.) श्री के.के. चन्द्राकर, अनुविभाग अधिकारी पुलिस दन्तेवाड़ा श्री राहुल उईके, के साथ-साथ डीआरजी, बस्तर फाइटर,डीएसएफ व पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार तथा शहीद परिवार के सदस्य भी शामिल हुये। इस मौके पर शहीद हुये 344 नागरिकों के नाम का वाचन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्हें सलामी देकर उनके बलिदान को याद करते हुये श्रद्धासुमन भी अर्पित किया गया।

नक्सली और पुलिस के मध्य जारी संघर्ष के बीच नक्सलियों द्वारा कायराना हरकत करते हुए आम नागरिकों की निर्मम हत्या कर दी जाती है जो निंदनीय है।

# सपना को साकार रूप देने के लिए निर्णय लेना जरूरी - कलेक्टर

अग्निवीर भर्ती में शामिल हो रहे युवाओं को प्रोत्साहित करने कार्यशाला का आयोजन









**जगदलपुर।** अग्निवीर भर्ती में शामिल हो रहे युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि अपने सपने को साकार रूप देने के लिए निर्णय लेना जरूरी है, निर्णय के अनुरूप जितना मेहनत उस मुकाम को हासिल करने में करेंगे उसका परिणाम भी बेहतर होगा। प्रतिस्पर्धा बहुत है उसी स्तर पर मेहनत भी जरूरी है, युवा आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य और सपनों को पोषित करें। इस अवसर पर उन्होंने अपनी कालेज की महिला सहपाठी का उदाहरण दिए जिन्होंने सेना में जाने के लिए अनुशासित रूप से मेहनत की और आज जम्मू-कश्मीर में भारतीय सेना के मेजर पद पर कार्यरत हैं।

कलेक्टर ने कहा कि बस्तर एक ब्रांड है, अग्निवीर भर्ती में अधिक से अधिक चयन होकर कर क्षेत्र का नाम रोशन करें। क्षेत्र से ज्यादा से ज्यादा अग्निवीर बनेंगे तो अन्य युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। युवाओं को हमारे पूर्व आर्मीमैन का भी अनुभव का लाभ लेना चाहिए। कुछ माह पूर्व जांजगीर चांपा जिले में आयोजित भर्ती अभियान में लगभग 34 लोगों का चयन हुआ जो क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। प्रशासन द्वारा भर्ती अभियान के लिए शारीरिक, मानसिक और लिखित परीक्षा की तैयारी के लिए कार्ययोजना बनाई गई है जिसमे एक्स आर्मी मैन भी सहयोग कर रहे है। सभी प्रतिभागी इसका जरूर लाभ लें।

भारतीय वायु सेना में अग्निवीर वायु की भर्ती और भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया 13 फरवरी 2024 से प्रारंभ होना प्रस्तावित है। इसे मद्देनजर रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा भारतीय सैन्य बलों में अग्निवीर हेतु जिले के पंजीकृत आवेदकों तथा इच्छुक आवेदकों को प्रोत्साहित करने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार जगदलपुर टाऊन हॉल में किया गया।

कार्यक्रम में विंग कमांडर श्री जे पी पात्रों ने भारतीय सेना के वीर साहसी जवानों और अधिकारियों का उल्लेख कर युवाओं को प्रोत्साहित किया। सेना में सेवा कर देश सेवा का अवसर की जानकारी देते हुए सेना द्वारा दी जाने वाली अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी। साथ ही युवाओं को अग्निवीर भर्ती के संबंध में शंकाओं को दूर किया। एक्स आर्मीमैन श्री सूर्य कुमार शुक्ला, अरविंद कुमार ने भी अपने अनुभव और भर्ती प्रक्रिया में आवश्यक लिखित और शारीरिक दक्षता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में युवाओं के भर्ती संबंधी जिज्ञासा का भी समाधान किया गया। इस अवसर पर रोजगार कार्यालय के अधिकारी स्वेता वर्मा, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएं, सर्व खण्ड शिक्षा अधिकारी, शासकीय महाविद्यालयों,शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शालाओं के छात्र -छात्राएं, युवा उपस्थित रहे।

## कलेक्टर गोयल ने आदिवासी विकास विभाग की ली समीक्षा बैठक

# विशेष पिछड़ी जनजाति को शासकीय योजनाओं से करें लाभान्वित-कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

### योजनाओं के क्रियान्वयन में लाएं प्रगति, आश्रम-छात्रावास के जीर्णोद्धार कार्यों में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





जिले के वनांचल क्षेत्रों में शिक्षा, अधोसंरचना विकास के कार्य में अपेक्षाकृत प्रगति कम हैं। विभाग इस कार्य में तेजी लाए, ताकि योजनाओं का लाभ उन स्थानों में रहने वाले बच्चों और लोगों को मिल सके। साथ ही विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर परिवारों के लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करें। उक्त बातें कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आदिवासी विकास विभाग की बैठक में कही। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे। कलेक्टर गोयल ने विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने जिले में संचालित छात्रावास एवं आश्रमों के साथ प्रवेशित बच्चों की जानकारी ली। विभागीय अधिकारी द्वारा बताया गया कि कई स्थानों में स्वीकृत सीट के विरुद्ध कम भर्ती है। जिस पर कलेक्टर गोयल ने आश्रम छात्रावास में शत-प्रतिशत बच्चों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार धरमजयगढ़ में स्थित विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए संचालित छात्रावास के लिए बच्चों का सर्वे कर भर्ती करने के निर्देश मंडल संयोजक को दिए। उन्होंने एकलव्य आदर्श विद्यालय में पुस्तक एवं गणवेश वितरण में विलंब पर नाराजगी जताते हुए, अगले शिक्षण सत्र में सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावास एवं आश्रमों की मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुए सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावास में सीसीटीवी कैमरे लगाने एवं लाइब्रेरी, रीडिंग रूम सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि कन्या छात्रावास में सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्री वॉल आवश्यक हैं, इसके साथ ही मुख्य द्वार में सीसीटीवी कैमरा के साथ ही महिला होम गार्ड तैनात करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने विभागीय योजनान्तर्गत जीर्णोद्धार के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी जीर्णोद्धार कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करें। इसी प्रकार अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण मद एवं मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद से स्वीकृत कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कार्यों का वर्षवार मॉनिटरिंग एवं मूल्यांकन पूर्ण कर मूल्यांकित राशि प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने मंडल संयोजकों को स्वीकृत कार्यों की सूची उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए, ताकि मण्डल संयोजक उक्त कार्य की नियमित निरीक्षण कर प्रगति रिपोर्ट प्रदान कर सके। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांच करने के निर्देश दिए। जिसके लिए सभी मंडल संयोजक को उनके एक माह का दौरा कार्यक्रम बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता में किसी प्रकार की समझौता नहीं की जाएगी। कलेक्टर श्री गोयल ने ऑनलाइन छात्रवृत्ति योजना में भुगतान संबंधी जानकारी ली। उन्होंने स्वीकृत विद्यार्थियों के खाते में अति शीघ्र छात्रवृत्ति भुगतान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने पीएम जनमन योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी बिरहोर परिवारों का जाति प्रमाण-पत्र के साथ शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने वनाधिकार पट्टे एवं एफआर, सेल गठन के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास महेश शर्मा, डीईओ श्री बी.बाखला, क्षेत्र संयोजक, मंडल संयोजक उपस्थित रहे।

**निरीक्षण के लिए मंडल संयोजक महीने भर का दौरा कार्यक्रम करें तैयार**

**आश्रम छात्रावास के मूलभूत सुविधाओं की ली जानकारी, सभी कन्या छात्रावास में सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं महिला गार्ड रखने के दिए निर्देश**

## एक नजर

### पं.जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजनान्तर्गत कक्षा 6 वीं के लिए लिखित चयन प्रवेश परीक्षा 10 मार्च को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

पं.जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में कक्षा 6 वीं के लिए लिखित चयन प्रवेश परीक्षा 10 मार्च 2024 को दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा हेतु लोकमान्य तिलक उ.मा.वि.चक्रधरनगर रायगढ़ को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है एवं वहां के प्राचार्य को केन्द्राध्यक्ष बनाया गया है। सभी विद्यार्थी केन्द्र में परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व उपस्थित होकर लिखित चयन प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकते है। परीक्षा से संबंधित अन्य जानकारी के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी, विकास रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए 3 मार्च तक कर सकते है आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण)अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र नंदेली क्रमांक 2 ग्राम पंचायत नंदेली विकासखण्ड रायगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद हेतु आवेदन मंगाये गये है। इच्छुक कार्यकर्ता 3 मार्च तक आवेदन पत्र परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) में जमा कर सकते है।

### वार्ड क्रमांक 48 बोईरदादर में उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 19 फरवरी तक मंगाये गये आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक-48 बोईरदादर में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 19 फरवरी तक आवेदन मंगाये गये है। इच्छुक स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व-सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां, वन सुरक्षा समिति अपने पंजीयन प्रमाण-पत्र एवं अन्य दस्तावेजों सहित निर्धारित प्रपत्र में आवेदन खाद्य अधिकारी, रायगढ़ में नियत तिथि तक जमा कर सकते है।

### प्लेसमेंट कैम्प 13 फरवरी को

87 विभिन्न पदों पर होगी भर्ती, रायगढ़ रोजगार मितान पोर्टल में पंजीकृत/अपंजीकृत आवेदक हो सकते हैं शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

निजी क्षेत्र की रिक्तियों में प्लेसमेंट को बढ़ावा देने के लिए 13 फरवरी को प्रात:10.30 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें निजी क्षेत्रों में रिक्त 87 पदों पर भर्ती की जाएगी। रायगढ़ रोजगार मितान पोर्टल में पंजीकृत/अपंजीकृत सभी आवेदक प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते है। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मे.मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड अग्रवाल काम्पलेक्स, रामनगर कोटा रायपुर में रिलेशनशिप ऑफिसर के लिए 25 पद रिक्त है। इसी तरह मे.शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड जयप्रकाश काम्पलेक्स, पुलिस स्टेशन के पास, तेलीबांधा, रायपुर में सेल्स रिप्रेजेंटेटिव में 30 पद, जूनियर एग्रीकल्चर ऑफिसर में 5 पद, होटल अंश इंटरनेशनल लिमिटेड जगतपुर ढिमरापुर रोड रायगढ़ में फ्रंट ऑफिस के लिए 2 पद, मेंटेनेंस (प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन)के लिए 2 पद, कम्प्यूटर आपरेटर में 2 पद स्वीपर में 2 पद, हाउस-कीपिंग के लिए 10 पद तथा ड्रायवर में 2 पद, मे.सब.के.इम्पैक्ट सॉल्यूशंस लिमिटेड सुरभि आर्केड कोटी हैदराबाद में कस्टमर सर्विस रिप्रेजेंटेटिव के लिए 7 पदों पर भर्ती की जाएगी। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय में संपर्क कर सकते है अथवा रायगढ़ रोजगार मितान पोर्टल https://raigarhrozgarmitan.in में अवलोकन कर सकते है।

## भाजपा नेता अमित टमकोरिया ने राहुल गाँधी की न्याय यात्रा की अनुमती निरस्त करने की करी माँग

वैमनस्यता फैलाने का लगाया आरोप

**कोरबा** । कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी 12 जनवरी को अपनी भारत जोड़ो न्याययात्रा को लेकर कोरबा आ रहे हैं। कांग्रेस की न्याय यात्रा रायगढ़ जिले से प्रारंभ होकर 12 फ़रवरी को कोरबा पहुंच रही है । जिसे लेकर कांग्रेस पार्टी ने पूरे शहर पोस्टर बैनर से पाट दिया गया है । ऐसे में यात्रा से पूर्व, सत्ताधारी दल के युवा नेता के एक पत्र प्रदेश की सियासत में उफ़न ला दिया है, जब प्रदेश के सत्ताधारी दल भाजपा के, युवातुर्क नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमित टमकोरिया ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा को लेकर जिला प्रशासन को पत्र लिखकर कोरबा शहर में प्रवेश करने की अनुमति निरस्त करने की मांग की है । भाजपा नेता अमित टमकोरिया ने कलेक्टर को संबोधित अपने पत्र में लिखा है कि, राहुल गांधी की पद यात्रा से शहर की यातायात व्यवस्था चरमराएगी, यात्रा का मार्ग व्यस्ततम होने और आम लोगो के लिए कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं होने के कारण जनता को अनावश्यक परेशान होना पड़ेगा । इसलिए जिला प्रशासन से लोक सरोकार को दृष्टिगत रखते हुए राहुल गांधी की यात्रा को रद्द करने की मांग की गई है । साथ ही उन्होंने यह आरोप भी लगाया है कि, जहां भी राहुल गांधी जाते हैं वहां वैमनस्यता फैलाते हैं, लोगों में उनका व्यापक विरोध है । ऐसा लिखते हुए उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि, राहुल गांधी को जिले में प्रवेश की अनुमति को निरस्त किया जाए अथवा उनका रूट परिवर्तित कर शहर के बाहरी मार्ग से निकाला जाए । पूर्व में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी जब राहुल गांधी की इस न्याय यात्रा का खाका तैयार किया गया था । लेकिन अब परिस्थितियों बदल चुकी हैं और प्रदेश में भाजपा की सरकार है, ऐसे में सत्ताधारी दल के युवातुर्क नेता के इस पत्र ने शहर की सियासत को हवा दे दी है । अब देखना है कि, 12 फ़रवरी को कोरबा आ रहे राहुल गांधी की न्याय यात्रा के साथ जिला प्रशासन क्या न्याय करता है । यह शहर के राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है । अब देखना है, जिला प्रशासन राहुल गांधी की न्याय यात्रा को लेकर क्या निर्णय करता है वहीं कांग्रेसी नेताओ में राहुल गांधी को लेकर जोश एकदम हाई दिखाई पड़ रहा है !

## दो दिवसीय टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में गत दिवस टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत एएनएम, सीएचओ, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए दो दिवसीय नियमित टीकाकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा समस्त बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। जैसे सत्र का निर्माण, सत्र का संचालन, आये हुय लाभार्थियों को टीकाकृत किया जाना तथा टीका संबंधी जानकारी व ऑनलाइन पोर्टल में संधारित्र हेतु प्रशिक्षण दिया गया एवं समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों के बारें में समझाईश दी गई। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, टीकाकरण के वी.सी.सी.एम,सी.एच.ओ एएनएम, एमपी डब्ल्यू उपस्थित रही।

## राहुल के जहां जहां पैर पड़े कांग्रेस का बंटाधार हुआ, लोकसभा में कांग्रेस मुक्त होगा छत्तीसगढ़ः वित्त मंत्री ओपी



जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़।

भारत जोड़ों यात्रा के प्रथम चरण में छत्तीसगढ़ राज्य को भूलने वाले राहुल गांधी को हारने के बाद छत्तीसगढ़ की याद आई है जहां जहां राहुल के पैर पड़े वहां कांग्रेस का बंटाधार हुआ है और लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ कांग्रेस मुक्त होगा। उक्त बाते सूबे के वित्त मंत्री रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने राहुल के दौरे के छत्तीसगढ़ में असर पड़ने के सवाल पर जवाब में मिडिया से चर्चा के दौरान कही। राहुल जी के आगमन का सबसे बड़ा असर इस बात से समझा जा सकता है कि जहाँ जहाँ उनके पांव पड़ते हैं, कांग्रेस पूरी तरह साफ हो जाती है। यही स्थिति छत्तीसगढ़ में भी होगी छत्तीसगढ़ लोक सभा की सभी ग्यारह सीटो सहित रायगढ़ लोकसभा सीटों में भी राहुल के पैर पड़ने का असर हार के रूप में सबके सामने नजर आएगा। प्रदेश की जनता यह समझ चुकी है कि कांग्रेस ने सत्ता के जरिए किस तरह से माफिया राज़ को सरक्षण दिया और गांधी परिवार के लिए प्रदेश को ए टी एम बना दिया। लेकिन अब यह ए टी एम स्थाई रूप से बंद हो गया। राहुल गाँधी दौड़ दौड़ कर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। उनकी बौखलाहट साफ देखी जा सकती है। छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस को रिजेक्ट कर चुकी है।राहुल गांधी के आने का सबसे बड़ा प्रभाव यह होगा कि छत्तीसगढ़ की 11 में से 11 सीटें भाजपा जीतेगी। नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व के प्रति छत्तीसगढ़ की जनता का पूरा भरोसा है। राहुल गाँधी जब भी जनता के मध्य जाने का प्रयास करते है कांग्रेस की अप्रासंगिकता, परिवारवाद, चापलूसी की संस्कृति जनता के सामने उजागर हो जाती है।प्रदेश की जनता सभी सीटे जिताकर ग्यारह कमल के फूल मोदी जी को उपहार स्वरूप भेंट करेगी।

## राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 11 फरवरी को

रायगढ़ में बनाये गये 25 परीक्षा केन्द्र

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 का आयोजन 11 फरवरी रविवार को दो पालियों में प्रात:10 से दोपहर 12 बजे तक तथा अपरान्ह 3 से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा हेतु रायगढ़ में 25 केन्द्र बनाये गये है। जिनमें परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1501-किरोड़ीमल शा.कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़, 1502-किरोड़ीमल शास.पालीटेक्निक चक्रधर नगर रायगढ़, 1503-शा.उ.मा.विद्यालय चक्रधर नगर रायगढ़, 1504-स्वामी बालकृष्ण पूरी लॉ कालेज रायगढ़, 1505-गुरूद्रोण हायर सेकेण्डरी इंग्लिश/हिन्दी मीडियम स्कूल टीवी टावर के पास रायगढ़, 1506-शा.नटवर इंग्लिश स्कूल रायगढ़, 1507-शा.गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल कोष्टापारा पैलेस रोड रायगढ़, 1508-शा.हाईस्कूल चांदमारी रायगढ़, 1509-सेंट टेरेसा कान्वेंट स्कूल बोईरदादर रायगढ़, 1510-मुक्ति प्रकाश शालिनी हायर सेकेण्डरी स्कूल बोईरदादर रायगढ़, 1511-महर्षि विद्या मंदिर, हायर सेकेण्डरी स्कूल विजयपुर बोईरदादर रायगढ़, 1512-केएमटी गवर्नमेंट गर्ल्स कालेज गांधी चौक रायगढ़, 1513-शा.हाईस्कूल केवड़ाबाड़ी रायगढ़, 1514-इंडियन स्कूल अतरमुड़ा रायगढ़, 1515-कालेज ऑफ एग्रीकल्चर एण्ड रिसर्च सेंटर, बोईरदादर रायगढ़, 1516-शा.हायर सेकेण्डरी स्कूल जूटमिल रायगढ़, 1517-सेठ किरोड़ीमल आदर्श हायर सेकेण्डरी स्कूल बाल मंदिर रायगढ़, 1518-सेंट जेवियर स्कूल कैथोलिक आश्रम बोईरदादर रायगढ़, 1519-सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल लक्ष्मीपुर रायगढ़, 1520-कार्मेल गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल लक्ष्मीपुर हिन्दी मीडियम रायगढ़, 1521-कार्मेल कान्वेंट सीनियर सेकेण्डरी इंग्लिश मीडियम स्कूल लक्ष्मीपुर रायगढ़, 1522-जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती हायर सेकेण्डरी स्कूल (ओल्ड बिल्डिंग)किरोड़ीमल नगर रायगढ़, 1523-जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती हायर सेकेण्डरी स्कूल (न्यू बिल्डिंग)किरोड़ीमल नगर रायगढ़, 1524-पायोनियर पब्लिक स्कूल कोड़ातराई रायगढ़ एवं परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1525-उत्तम मेमोरियल कालेज कृषि उपज मण्डी के पास पटेलपाली रायगढ़ को बनाया गया है।

## जिले को फाईलेरिया मुक्त बनाने सभी को दवा सेवन करने हेतु की अपील

# कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने फाईलेरिया रोधी दवा का किया सेवन

### 28 फरवरी तक चलेगा फाईलेरिया उन्मूलन के लिए दवा सेवन कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज शासकीय हाईस्कूल रामभांठा, रायगढ़ में फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को दवा का सेवन करके जिले को फाईलेरिया मुक्त बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर देश को पोलियों से मुक्त किए थे, इसी तरह सबकी सहभागिता एवं दवा सेवन के माध्यम से फाईलेरिया से निजात पाना है। यह दवाई पूरी तरह से सुरक्षित है, निर्भय होकर अनिवार्य रूप से सभी दवा का सेवन कर सकते है। प्रभारी प्राचार्य नरेन्द्र कुमार पटेल द्वारा बच्चों को फाइलेरिया की दवा, डीइसी की दवा, कृमि का एल्बेल्डाजॉल की दवा सेवन लाभ के बारें में जानकारी देते हुए शासकीय हाईस्कूल रामभांठा के 89 बच्चों को दवा सेवन कराया गया। सीएमएचओ डॉ.मंडावी द्वारा दवा सेवन की गहनता से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 6011 बूथ केंद्रो में जिसमें शासकीय/निजी स्कूलों में फाइलेरिया दवा का सेवन कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 10 से 28 फरवरी तक फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत फाईलेरिया (हाथीपांव) की दवाई खिलाई जा रही है। जिसमें 10 से 15 फरवरी तक सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूल, कालेज, तकनीकी संस्थानों के साथ सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में बूथ लगाकर हाथीपांव की दवा खिलाई जाएगी। 16 से 24 फरवरी तक गृह भेट कर घर-घर जाकर दवा सेवन करायी जाएगी तथा शेष छुटे हुए व्यक्तियों को मॉप-अप राउंड में 26 से 28 फरवरी तक दवा का सेवन कराया जाएगा। डीईसी दवाई हेतु 0 से 2 वर्ष तक के बच्चे, ईवरमेक्टिन दवा हेतु 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के साथ 90 से.मी. से कम ऊंचाई वाले व्यक्ति, अति गंभीर पीडित व्यक्तियों, इसमें गर्भवती महिला, स्तनपान कराने वाली महिला, गंभीर बीमारी से पीड़ितों को दवा न दिया जाए। इस अवसर पर वार्ड पार्षद श्रीमती ईश कृपा तिर्की, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. टी.जी.कुलवेदी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बॉक्स ऑफिस पर ऋतिक रोशन की फाइटर की कमाई में गिरावट जारी




सिद्धार्थ आनंद गणतंत्र दिवस के खास मौके पर दर्शकों के लिए फाइटर लेकर हाजिर हुए थे.इस फिल्म में पहली बार ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की जोड़ी बनी है.देशभक्ति की भावना से भरपूर इस फिल्म की कहानी और तमाम कलाकारों की उम्दा अदाकारी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है.फाइटर ने 22.5 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस बेहतरीन शुरुआत की थी, लेकिन पिछले कुछ दिनों से फिल्म की रफ्तार सुस्त पड़ती नजर आई थी।

अब फाइटर की कमाई के 14वें दिन के आंकड़े सामने आए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है।



## अमरीश पुरी मेरे पसंदीदा खलनायकों में से एकःसोनिया बंसल

बिग बॉस 17 की प्रतियोगी सोनिया बंसल 12 फरवरी को वेलेंटाइन डे से पहले रिलीज होने वाले म्यूजिक वीडियो इश्क हुआ में अभिनेता वर्धन पुरी के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी। सोनिया ने वर्धन के साथ काम करने का अपना अनुभव साझा किया और कहा, वर्धन पुरी के साथ काम करने का मेरा अनुभव वास्तव में अद्भुत था।

मैं उन्हें पहले से जानती थी, लेकिन हम पहली बार इश्क हुआ गाने के दौरान मिले थे क्योंकि उनके दादा उनमें से एक थे। फिल्मों में मेरे पसंदीदा खलनायक। इसलिए, मैंने सोचा कि उनके साथ सहयोग करना बहुत अच्छा होगा, क्योंकि हो सकता है कि उन्हें अपनी कुछ विरासती विशेषताएं विरासत में मिलें। उन्होंने सेट पर वर्धन के विनम्र स्वभाव और सहयोगी व्यवहार पर जोर दिया। सेट पर यह एक शानदार अनुभव था। वह बहुत विनम्र स्वभाव के हैं और एक अभिनेता के रूप में बहुत सहयोगी हैं। वह व्यक्ति को एक आरामदायक जगह पर लाते हैं ताकि अभिनय के विभिन्न मूड दिखाए जा सकें। टी-सीरीज़ के प्रतिष्ठित बैनर के तहत, सोनिया का नवीनतम प्रयास प्यार के सार को उसके शुद्धतम रूप में पकड़ना चाहता है। इश्क हुआ प्रतिभाशाली शब्बीर अहमद द्वारा रचित है और गीत भी शब्बीर अहमद के ही हैं। लवेश द्वारा बेहतरीन ढंग से निर्देशित, इश्क हुआ एक दृश्य उत्कृष्ट कृति होने का वादा करता है, जो सोनिया बंसल और वर्धन पुरी द्वारा बुनी गई आकर्षक कथा को जीवंत करता है। एस.शुभम और सलोनी बत्रा द्वारा गाया गया खूबसूरत गाना।

## ग्रीन ड्रेस में कृति सेनन ने फ्लॉन्ट किया फिगर, कैमरे के सामने दिखाई अदाएं

कृति सेनन इन दिनों अपनी फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं. सोशल मीडिया पर कृति सेनन का स्टाइलिश फोटो वायरल हो रही है. कृति के फैंस उनके इस अवतार को काफी पसंद कर रहे हैं. कृति सेनन ने इंस्टाग्राम पर अपने डिफरेंट बोल्ड लुक्स शेयर किया है. चलिए बिना किसी देर किए देखते हैं कृति सेनन का स्टनिंग और बोल्ड अवतार.

कृति सेनन इन दिनों अपनी फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया के प्रमोशन में बिजी चल रही हैं. इस दौरान एक्ट्रेस ने अपना स्टाइलिश लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है. ग्रीन कलर की ड्रेस में एक्ट्रेस बेहद खूबसूरत लग रही हैं. लाइट मेकअप खुले बालों में स्टनिंग लग रही हैं. पिंक की कलर की लिपस्टिक में एक्ट्रेस कमाल की लग रही है. कृति सेनन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वह इंस्टाग्राम पर अक्सर अपना बोल्ड और स्टनिंग लुक शेयर करती रहती हैं. कृति इंस्टाग्राम के द्वारा अपने फैंस से जुड़ी रहती हैं. वह अक्सर इंस्टा लाइव के द्वारा फैंस से पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में शेयर करती रहती हैं तीन मेहनती महिलाओं के जीवन पर आधारित अपनी अगली फिल्म द क्रू में कृति सेनन नजर आएंगी. फिल्म में वह तब्बू और करीना कपूर के साथ काम करेंगी. राजेश कृष्णन फइल्म का निर्देशन कर रहे हैं.



## करण जौहर की लव स्टोरियां का ट्रेलर जारी, 14 फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर देगी दस्तक




बॉलीवुड के पॉपुलर फिल्ममेकर करण जौहर अब फिल्मों के साथ-साथ ओटीटी लवर्स के लिए एक बेहतरीन वेब सीरीज लेकर आए हैं. जिसका लव स्टोरियां है. आज यानि गुरुवार को इस सीरीज का ट्रेलर भी रिलीज हो चुका है. जिसमें 6 रियल कपल्स की कहानी देखने को मिल रही है. चलिए जानते हैं आप कब और कहां इस सीरीज को देख सकते हैं. करण जौहर की वेब सीरीज लव स्टोरियां रियल लाइफ कहानियों पर आधारित है. जिसे उनके प्रोडक्शन हाउस 'धर्माटिक एंटरटेनमेंट' के तहत बनाया गया है. इन 6 सच्ची कहानियों का निर्देशन अक्षय इन्दिकर, अर्चना फाडके, हार्दिक मेहता, विवेक सोनी, शाजिया इकबाल और कोलिन ने किया है.

'लव स्टोरियां' का ट्रेलर करण जौहर ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है. इसे शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'जब प्यार होता है तो कुछ मायने नहीं रखता और इसकी याद दिलाने के लिए रियल लाइफ की कहानी से बेहतर क्या हो सकता है? 6 रियल लाइफ की वो लव स्टोरियां, जो आपको प्यार के जादू और पावर की याद दिलाएंगी...' अब बात करते हैं 'लव स्टोरियां' के ट्रेलर की. जिसमें आपको 6 रियल लाइफ लव स्टोरीज देखने को मिलेगी. इसमें से कोई लड़की बन शादी रचाता दिखाई देगा, तो कोई अपने प्यार के लिए देश छोड़कर काबुल पहुंच गया है. इसके अलावा एक कहानी में आपको ये देखने को मिलेगा कि प्यार उम्र का मोहताज नहीं होता और किसी भी उम्र में इंसान को उसकी सच्चा प्यार मिल सकता है.

## बॉक्स ऑफिस पर हनु मान की गूंज रही ललकार, वर्ल्डवाइड कमाई 300 करोड़ के हुई पार



तेजा सज्जा स्टारर फिल्म 'हनु मान' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया हुआ है. फिल्म को रिलीज हुए एक महीना होने वाला है और ये अब भी करोड़ों में कलेक्शन कर रही है. दिलचस्प बात ये है कि 'हनु मान' सिनेमाघरों में 12 जनवरी को महेश बाबू की गुंटूर कारम से लेकर विजय सेतुपति-कैटरीना कैफ स्टारर मैरी क्रिसमस सहित कई बड़ी फिल्मों के साथ रिलीज हुई थी. हालांकि 'हनु मान' इन सभी फिल्मों को पीछे छोड़ते हुए काफी आगे निकल गई. यहां तक कि ये फिल्म ऋतिक रोशन की फाइटर के आगे भी डटी हुई है और छप्परफाड़ कमाई कर रही है. चलिए यहां जानते हैं 'हनु मान' ने रिलीज के 27वें दिन कितने नोट छापे हैं.'हनु मान' की ललकार से बॉक्स ऑफिस गूंज रहा है.इस फिल्म को दर्शकों ने बेहद पसंद किया है।

## आर्टिकल 370 का दमदार ट्रेलर हुआ रिलीज, कश्मीर में आतंकवाद का सामना करती दिखीं यामी गौतम




यामी गौतम बॉलीवुड की मोस्ट वर्सेटाइल एक्ट्रेसेस में से एक हैं और उन्होंने खुद को एक उभरते सितारे के रूप में स्थापित किया है. अपने अब तक के करियर में यामी ने तमाम शानदार फिल्में दी हैं. वहीं एक्ट्रेस अब आर्टिकल 370 से बड़े पर्दे पर धमाल मचाने की तैयारी कर रही हैं. वहीं आज इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का शानदार ट्रेलर भी रिलीज कर दिया गया है.

ट्रेलर की शुरुआत में कश्मीर घाटी नजर आती है. इसके बाद यामी गौतम कहती सुनाई देती हैं कश्मीर इज के लॉस्ट केस. जब तक ये स्पेशल स्टेट्स है हम उन्हें हाथ भी नहीं लगा सकते हैं. इसके बाद स्क्रीन पर प्रियामणि दिखाई देती हैं जिनके सामने यामी कहती हैं कि और वो हमें आर्टिकल 370 को हाथ लगाने भी नहीं देंगे. इसके बाद हाथ में गन लिए एक शख्स नजर आता है जो कश्मीर में भीड़ को कहता सुनाई देता है ये बाजी खून की बाजी है और हर घर से निकलेगा बुरहान.तुम कितने बुरहान मारोगे और फिर एक धमाके की गूंज सुनाई देती है. इसके बाद स्क्रीन पर अरुण गोविल आते हैं जो शायद पीएम के किरदार में हैं. वो कहते नजर आते हैं इस कश्मीर ने बहुत यातना झेली है हम इसे इस हाल में नहीं छोड़ेंगे. ट्रेलर ओवरऑल काफी धांसू है. एक ऑफिशियली स्टेटमेंट में यामी ने फिल्म को भारत के इतिहास का साहसिक चैप्टर बताया था. उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस फिल्म को पसंद करेंगे. व्यक्तिगत रूप से, एक एक्टर के रूप में मेरे लिए, इस फिल्म ने मुझे जटिलताओं की नई गहराइयों में उतरने का मौका दिया और एक बार फिर मुझे एक ऐसी भूमिका दी जो पहले कभी नहीं देखी गई.

# खेल




## इंग्लैंड से आखिरी 3 टेस्ट के लिए टीम-इंडिया का ऐलानःकोहली और श्रेयस बाहर

इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी 3 टेस्ट के लिए शनिवार को टीम इंडिया का ऐलान हुआ। 17 सदस्यीय टीम से विराट कोहली और श्रेयस अय्यर बाहर हो गए हैं। वहीं रवींद्र जडेजा और केएल राहुल की वापसी हुई है।

उधर, जसप्रीत बुमराह सीरीज के बाकी 3 मैच भी खेलेंगे। पहले कहा जा रहा था कि वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते उन्हें 2 टेस्ट से आराम दिया जा सकता है। आखिरी 3 टेस्ट राजकोट, रांची और धर्मशाला में खेले जाएंगे।

### कोहली ने BCCI से ब्रेक बढ़ाने की मांग की थी

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, BCCI सिलेक्शन कमेटी की मीटिंग शुक्रवार शाम को हुई थी। इस मीटिंग के पहले ही कोहली ने BCCI को अपनी अवेलेबिलिटी के बारे में बता दिया था। कोहली ने आखिरी मुकाबला अफगानिस्तान के खिलाफ 17 जनवरी 2024 का खेला था। वह निजी कारणों से सीरीज के शुरुआती 2 मुकाबले नहीं खेल सके, वह अब आखिरी 3 मैच भी नहीं खेलेंगे। विराट अपने करियर में पहली बार किसी होम टेस्ट सीरीज का कोई भी मुकाबला नहीं खेलेंगे।




### जडेजा और राहुल ने की वापसी

दूसरे टेस्ट से बाहर हुए ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और बैटर केएल राहुल की टीम में वापसी हुई। दोनों पहले टेस्ट में इंजर्ड होने के बाद दूसरा मुकाबला नहीं खेल सके। हालांकि, BCCI ने यह भी कहा कि अगर दोनों फिट रहते हैं तभी उन्हें प्लेइंग-11 में शामिल किया जाएगा।

### श्रेयस भी सीरीज से बाहर

श्रेयस अय्यर को पीठ की दर्द की वजह से टीम से बाहर रखा गया है। उन्होंने दूसरे टेस्ट के बाद पीठ में दर्द की शिकायत की थी। श्रेयस शुरुआती 2 टेस्ट में भी कुछ खास नहीं कर सके थे। वह 4 पारियों में एक भी फिफ्टी नहीं लगा सके।

### बुमराह पूरी सीरीज खेलेंगे, सिराज की भी वापसी

शुरुआती 2 टेस्ट में 15 विकेट ले चुके तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पूरी सीरीज खेलेंगे। वह पिछले साल अक्टूबर-नवंबर में वनडे वर्ल्ड कप के बाद से लगातार इंटरनेशनल क्रिकेट खेल रहे हैं। टूर्नामेंट से पहले वह 18 महीने तक इंजरी के कारण बाहर रहे थे। ऐसे में फिटनेस को ध्यान में रखते हुए उन्हें आराम दिए जाने की रिपोर्ट्स आ रही थीं।

उधर, दूसरा टेस्ट नहीं खेल सके मोहम्मद सिराज की टीम में वापसी हुई। पेसर्स में आकाश दीप को भी स्क्वॉड में शामिल किया गया, जबकि मध्य प्रदेश के आवेश खान को रणजी ट्रॉफी खेलने के लिए रिलीज कर दिया गया है।

### एक नजर

टेस्ट सीरीज से बाहर हो सकते हैं श्रेयस अय्यरःपीठ में समस्या

## तीसरा मुकाबला 15 फरवरी से राजकोट में खेला जाएगा




टीम इंडिया के बैटर श्रेयस अय्यर इंग्लैंड के खिलाफ पूरी टेस्ट सीरीज से बाहर हो सकते हैं। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के सूत्रों के अनुसार, इंग्लैंड के खिलाफ चल रही 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में श्रेयस अय्यर पीठ में जकड़न (स्टिफनेस) की शिकायत के बाद राजकोट टेस्ट से बाहर रह सकते हैं। कुछ रिपोर्ट्स दावा कर रही हैं कि वे पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं। क्रिकबज के अनुसार, नेशनल क्रिकेट अकादमी ने उनकी फिटनेस कंडीशन के बारे में भारतीय क्रिकेट बोर्ड को बता दिया है। तीसरा टेस्ट 15 फरवरी से राजकोट में खेला जाना है। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। तीसरे टेस्ट और उसके बाद के लिए टीम की घोषणा की जानी बाकी है। एक सूत्र ने पुष्टि की है कि सिलेक्टर्स को मीटिंग के लिए बुलाया गया है। सिलेक्टर्स की मीटिंग गुरुवार (8 फरवरी) को होने की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। यह मीटिंग आज हो सकती है और इसके बाद टीम की घोषणा होने की संभावना है।

निसांका वनडे में डबल सेंचुरी जमाने वाले पहले श्रीलंकाई बैटर

## अफगानिस्तान को 42 रन से हराया, नबी-ओमरजई के बीच 242 रन की साझेदारी से रोमांच बढ़ा




**पल्लेकेले।** श्रीलंका ने अफगानिस्तान को तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में 46 रन से हरा दिया पल्लेकेले इंटरनेशनल स्टेडियम में शुक्रवार को अफगानिस्तान ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। श्रीलंका ने बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 3 विकेट पर 381 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में अफगानिस्तान 50 ओवर में 6 विकेट पर 339 रन ही बना सका। श्रीलंकाई बल्लेबाज पथुम निसांका ने नाबाद 210 रन की पारी खेली। वे वनडे क्रिकेट में श्रीलंका के हाईएस्ट स्कोरर बन गए। निसांका ने दिग्गज बल्लेबाज सनथ जयसूर्या (189 रन) का रिकार्ड तोड़ा।

वहीं, दूसरी पारी में मोहम्मद नबी और अजमतुल्लाह ओमरजई के बीच हुई 242 रन की साझेदारी ने मैच में रोमांच पैदा कर दिया। हालांकि, अफगानिस्तान मैच जीत नहीं सका।

### निसांका की पारी में 20 चौके और 8 छक्के

श्रीलंकाई टीम से ओपन करने उतरे पथुम निसांका ने अपनी पारी के दौरान 139 बॉल का सामना किया। उनके बैट से 20 चौके और 8 छक्के निकले। उन्होंने 151.07 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

### अफगानिस्तान का टॉप ऑर्डर फेल

पहाड़ जैसे लक्ष्या का सामना करने उतरी अफगान टीम का टॉप ऑर्डर पूरी तरह फेल हो गया। ओपनिंग करने उतरे गुरबाज 1 रन, इब्राहिम जादरान 4 रन, रहमत शाह 7 रन, और कप्तान हशमतुल्लाह शहीदी 7 रन बना कर आउट हो गए। एक समह श्रीलंका का स्कोर 27/4 हो गया था।

## ऑस्ट्रेलिया ने 11 रन से जीता पहला टी-20

वेस्टइंडीज पर 1-0 की बढ़त बनाई; वॉर्नर तीनों फॉर्मेट में 100 मैच खेलने वाले पहले ऑस्ट्रेलियन




ऑस्ट्रेलिया ने पहले बैटिंग करते हुए वेस्टइंडीज को 214 रन का टारगेट दिया। जवाब में वेस्टइंडीज 20 ओवर में 8 विकेट पर 202 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से ओपनर डेविड वॉर्नर ने अर्धशतक जमाया। उनके अलावा, जोश इंग्लिस ने 39 और टिम डेविड ने 37 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए आंद्रे रसेल ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए।

### वॉर्नर ने सबसे ज्यादा 70 रन बनाए

बेलेरिव ओवल स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 213 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए डेविड वॉर्नर ने सबसे ज्यादा 70 रन बनाए। उन्होंने 36 बॉल की पारी में 12 चौके और एक सिक्स लगाया। जोश इंग्लिस ने 25 बॉल पर पांच चौके और एक सिक्स की मदद से 39 रन की पारी खेली।

टिम डेविड ने 17 बॉल पर 37 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने चार चौके और दो सिक्स लगाए। मेहमान वेस्टइंडीज की तरफ से रसेल के अलावा अल्जारी जोसेफ ने दो विकेट झटके। जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड को एक-एक विकेट मिला।

### ब्रैंडन किंग की फिफ्टी

*214 रन के टारगेट का पिछले करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत तो अच्छी रही, लेकिन टीम इस टारगेट को चेज नहीं कर सकी। पहले विकेट के लिए ब्रैंडन किंग और जॉनसन चार्ल्स के बीच 89 रन की साझेदारी हुई। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन किंग ने बनाए। उन्होंने 37 बॉल पर 53 रन बनाए।*

SA20 के फाइनल में पहुंची सुपरजायंट्स

## क्वालिफायर-2 में जोबर्ग सुपरकिंग्स को 69 रन से हराया; हेनरिक क्लासन प्लेयर ऑफ द मैच



**जोहन्सबर्ग।** डरबन सुपरजायंट्स ने SA 20 सीजन-2 के फाइनल में एंट्री कर ली है। टीम ने गुरुवार को क्वालिफायर-2 में जोबर्ग सुपरकिंग्स को 69 रन से हराया। हेनरिक क्लासन ने 74 और वायन मुल्डर ने 50 रन की पारी खेली। क्लासेन प्लेयर ऑफ द मैच रहे। जोहन्सबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में जोबर्ग सुपरकिंग्स ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। बल्लेबाजी करने उतरी डरबन सुपरजायंट्स ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 211 रन बनाए। सुपरकिंग्स की टीम 17.4 ओवर में 142 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

### सुपरजायंट्स के ओपनर ने अच्छी शुरुआत

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी डरबन सुपरजायंट्स को ओपनर मैथ्यू ब्रीत्जके और क्विंटन डी कॉक ने अच्छी शुरुआत दी। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 35 रन बनाए। मैथ्यू भी 3.6 ओवर में सैम कुक की गेंद पर एलबीडब्ल्यू होकर पवेलियन लौट गए। उन्होंने 10 गेंदों पर 12 रन बनाए। मैथ्यू के आउट होने के बाद सुपरजायंट्स को दूसरा झटका भी 2 रन के बाद ही लग गया।

# राज्य सरकार की बहु प्रतीक्षित एवं महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन के लाभ लेने के लिए महिलाओं में उत्साह

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



राज्य सरकार की बहु प्रतीक्षित एवं महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन के लाभ लेने के लिए महिलाओं में जबरदस्त उत्साह है। जहां बड़ी संख्याओं में आवेदन करने अपने.अपने नजदीकी ग्राम पंचायत भवन एवं आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंच रही है। राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की उद्देश्य से महतारी वंदन योजना 1 मार्च 2024 से लागू की जाएगी। इसके मद्देनजर प्रदेश सहित जिले में भी ऑनलाइन फॉर्म एवं ऑफलाइन पंजीयन शुरू हो गया है, इसी उपरांत ग्राम पंचायत नारायणपुर में महिलाओं में योजना को लेकर जबरदस्त उत्साह दिख रही है। जिला स्तर पर फॉर्म भरने के लिए कार्यशाला का भी आयोजन किया जा रहा है, ताकि महिलाओं को खाना वन में किसी भी प्रकार की समस्या ना हो आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी है। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिलाएं ऑनलाइन पोर्टल तथा मोबाइल ऐप के माध्यम से आवेदन कर सकती है। इस दौरान यह स्पष्ट किया गया है कि महिला के विवाहित होने के संबंध में यदि उनके पास दस्तावेज उपलब्ध न हो तो वह अपना स्वघोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर सकती है। यदि महिला हितग्राही के पास मोबाइल नंबर नहीं है तो इसके स्थान पर हितग्राही के द्वारा राशन कार्ड की छाया प्रति आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर सकती है। गौर तलब है कि महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए विवाहित महिला को विवाह प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, निवास प्रमाण पत्र,ग्राम पंचायत या आंगनवाड़ी द्वारा जारी प्रमाण पत्र को शामिल कर आंगनवाड़ी या पंचायत भवन में जमा किया जा सकता है, योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य को स्थानीय निवासी एवं विवाहित महिला पात्र होंगे। आवेदन के कैलेंडर वर्ष अर्थात जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा, उसे वर्ष की 1 जनवरी की विवाहित महिला की आयु 21 वर्ष से काम नहीं होनी चाहिए, विधवा,तलाकशुदा, परित्यकता महिला भी योजना के लिए पात्र होंगे, योजनांतर्गत पात्र महिला को योजना के लिए पात्र होंगे। योजना तर्गत पात्र महिला को प्रति माह 1000 रुपये का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। सामाजिक सहायता कार्यक्रम विभिन्न पेंशन योजना से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को 1000 रुपए से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा।

### योजना के लिए आवश्यक दस्तावेज जमा करना जरूरी

महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए स्व सत्यापित स्वयं की पासपोर्ट साइज फोटो, स्थानन निवासी के संबंध में निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड,या मतदाता पहचान पत्र दस्तावेज, स्व का एवं पति का आधार कार्ड, यदि हों तो स्वयं का पति का पैन कार्ड, विवाह का प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत व स्थानीय निकायों द्वारा जारी किया गया, प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। विधवा होने की स्थिति में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यकता होने की स्थिति में समाज द्वारा जारी, वार्ड ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। जन्म प्रमाण पत्र कक्षा दसवीं या 12वीं की अंकसूची या स्थानांतरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस से कोई भी एक प्रस्तुत करना होगा। पात्र हितग्राही का बैंक खाते का विवरण एवं बैंक पासबुक की छाया प्रति तथा स्व घोषणा पत्र शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

### महतारी वंदन योजना का फर्जी लिंक हो रहा वायरस, सावधान रहने की अपील

महिला बाल विकास विभाग ने महतारी वंदन योजना में आवेदन के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हो रहे फर्जी लिंग से महिलाओं को सावधान रहने की अपील की है। विभाग के अधिकारियों ने कहा कि महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए विभाग द्वारा डब्ल्यूडब्ल्यूड ब्ल्यू महतारीवंदन सीजीस्टेटजीओवी इन और मोबाइल ऐप जारी किया गया है। इस लिंक और एप पर महिलाएं ऑनलाइन आवेदन कर सकती है, आवेदन के लिए किसी भी तरीके का शुल्क नहीं देना है। इसके अलावा महिलाएं अपने इलाके के आंगनबाड़ी केंद्र, ग्राम पंचायत सचिव, बाल विकास परियोजना अधिकारी से संपर्क कर उनके लागिन यूजर आईडी से आवेदन कर सकती है। गौर तलब है कि पात्र आवेदकों को फॉर्म भरने के लिए कुछ सामाजिक तत्वों के द्वारा फर्जी लिंग सोशल मीडिया प्लेटफ ॉर्म के माध्यम से एचटीटीपीएसय डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू महतारी वंदन योजना.इनफ ो बेनिफिशिरी एप्लायं नाम से लिंक आए तो इस लिंक का उपयोग नहीं करें। विभाग द्वारा आवेदन के लिए किसी भी निजी संस्था अथवा व्यक्ति को अधिकृत नहीं किया गया हैं।

## एक नजर

## मेडिकल कैंप 224 दिव्यांगों का हुआ जांच, 192 दिव्यांगजन यूडीआईडी के लिए चिन्हित

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।





कलेक्टर के एल चौहान ने द्वितीय शनिवार को सिविल अस्पताल सारंगढ़ में आयोजित मेडिकल बोर्ड कैंप का निरीक्षण किया। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया गया, जिसमें दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए छूटे हुए दिव्यांगों का जांच, आंकलन और यूडीआइडी पोर्टल में रजिस्टर्ड किया गया। अब दिव्यांग प्रमाण पत्र बन जाने से सरकार की कई योजनाओं का लाभ मिलेगा। इसमें शिशु, नेत्र, अस्थि हड्डी, और ऑडियो लॉजिस्ट विशेषज्ञ डॉक्टर और उनके सहयोगी उपस्थित थे। इससे दिव्यांग सहित आम नागरिकों को इलाज में सुविधा और दिव्यांग को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने में सुविधा मिला। इस शिविर में कुल पंजीयन 224, दृष्टिबाधित 33, अस्थि बाधित 100, मानसिक मंद 19, सिकल सेल 3 श्रवण बाधित 37 के दिव्यांग थे। यूडीआइडी के लिए 192 चिन्हित हुए जिनका दिव्यांग प्रमाण पत्र बनेगा।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 11 फरवरी को रहेंगे जशपुर जिले के प्रवास पर

### कुनकुरी के कण्डोरा में मातृ पूजन एवं लोधमा के श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में होंगे सम्मिलित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 11 फरवरी को भी जशपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। जिले के विकासखंड कुनकुरी के कण्डोरा एवं लोधमा के श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के तहत 11 फरवरी 2024 को मुख्यमंत्री ग्राम बगिया से प्रात 11 बजे प्रस्थान कर 11.30 बजे ग्राम कण्डोरा पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री 12.30 बजे ग्राम कण्डोरा के मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होगें। दोपहर 12.40 बजे ग्राम लोधमा में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में सम्मिलि होगों तथा 1.10 बजे लोधमा से ग्राम बगिया के लिए प्रस्थान कर 1.40 बजे निज निवास ग्राम बगिया पहुंचेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री 02.15 बजे बगिया से प्रस्थान कर 3.30 बजे दुर्ग जिला पहुंचेगें और दुर्ग जिले के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होगें।

## कलेक्टर ने कोरबा के विभिन्न शासकीय संस्थानो का किया निरीक्षण

**कोरबा** । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने विकासखंड कोरबा के विभिन्न शासकीय संस्थानो का आकस्मिक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने लेमरू में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं नकिया में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, मिडिल शाला, आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने लेमरू के हायर सेकंडरी स्कूल का अवलोकन करते हुए विद्यालय में दर्ज बच्चों की संख्या, शिक्षको की उपलब्धता, विद्यालय की अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों से पढ़ाई के संबंध में चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को परीक्षा में सफल होने और लक्ष्य को हासिल करने के लिए मन लगाकर पढ़ाई करने और परीक्षा को लेकर किसी तरह का तनाव व दबाव न रखने की बात कहते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कलेक्टर ने विद्यालय में गत शैक्षणिक सत्र की रिजल्ट की जानकारी लेते हुए इस वर्ष परीक्षा परिणाम बेहतर करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर चौहान ने बरमकेला तहसील के जन समस्या निवारण शिविर का निरीक्षण किया

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



कलेक्टर के एल चौहान ने बरमकेला तहसील में द्वितीय शनिवार को आयोजित राजस्व जनसमस्या निवारण शिविर का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने तहसीलदार आयुष तिवारी और पटवारी से शिविर में किसान द्वितीय पुस्तिका, जमीन बंटवारा, नामांतरण, सीमांकन, धान खरीदी का बोनस राशि, आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र आदि के संबंध में प्राप्त आवेदनों और उनके निराकरण के संबंध में जानकारी लिया। इस अवसर पर बरमकेला के स्थानीय निवासियों ने कलेक्टर से मुलाकात कर रिहायशी के संबंध में आवेदन किया। कलेक्टर ने तहसीलदार आयुष तिवारी को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने कहा। उल्लेखनीय है कि सभी जिला मुख्यालय में तृतीय शनिवार 17 फरवरी को जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा।

## रोटरी क्लब और मोटवानी कंसलटेंसी द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता आज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ स्टील सिटी एवं मोटवानी कंसलटेंसी रायगढ़ द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता सिट एंड ड्रा 11 फरवरी रविवार सुबह 9 बजे से स्थानीय कमला नेहरू उद्यान चक्रधर नगर रायगढ़ में प्रारंभ होगी इस संबंध में जानकारी देते हुए रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन अरविंद कुमार गर्ग एवं कार्यक्रम संयोजक प्रीतपाल सिंह टुटेजा ने बताया कि यह प्रतियोगिता नि:शुल्क है एवं इसमें रायगढ़ के सभी निजी एवं शासकीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया गया है। यह प्रतियोगिता सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी इसमें ड्राइंग शीट आयोजकों द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी और बाकी ब्रश कलर इत्यादि सामान प्रतियोगी को स्वयं लेकर आना है। कार्यक्रम के उप संयोजक विनय केडिया एवं क्लब सचिव आकाश पुरसेठ ने बताया कि कार्यक्रम के सह प्रायोजक आलोक ड्रेसेस है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हैं रायगढ़ नगर पालिक निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी तथा निर्णायक दल में प्रताप सिंह खोडियार, नलिनी शर्मा, अनुराधा शर्मा,मनोज श्रीवास्तव, एवं श्रीकांत दीक्षित, शामिल है। प्रतियोगिता में पहले से पांचवी कक्षा के बच्चों के लिए विषय है माय फेवरेट कार्टून वही छठवीं से आठवीं तक के बच्चों के लिए विषय है स्वच्छता तथा नवमी से दसवीं के बच्चों के लिए विषय है। माय फ्यूचर्स डिवेलप इंडिया कार्यक्रम के प्रायोजक मोटवानी कंसल्टेंसी के संचालक गण जवाहर मोटवानी एवं मानिक मोटवानी ने बताया कि सुबह 9 बजे से प्रतियोगिता आरंभ हो जाएगी 11 बजे तक की समय सीमा है 11 से 12 बजे तक निर्णय होगा और तत्पश्चात स्थल पर ही विजयी प्रतियोगियों को आलोक ड्रेसेस के सौजन्य से पुरस्कार प्रदान किया जाएगा तथा सभी प्रतियोगियों को मोटवानी कंसल्टेंसी की ओर से आकर्षक प्रमाणपत्र प्रदान किये जायेंगे। इस बीच बच्चों के लिए जलपान की व्यवस्था भी मोटवानी कंसल्टेंसी द्वारा की गई है। रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ स्टील सिटी ने सभी बच्चों को समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

## राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 11 फरवरी को, जिले में बनाए गए 6 परीक्षा केन्द्र

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

छग लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 का आयोजन 11 फरवरी 2024 को किया जाएगा। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 से 12 बजे एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा हेतु जिले में कुल 06 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें शास.रा.भ.रा.एन.ई.एस.महाविद्यालय जशपुर, शास.वि,भू.सिंहदेव कन्या महाविद्यालय जशपुर, शास.बालक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय जशपुर, शास.म.ल.बा. कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय जशपुर, स्वामी आत्मानन्द शास.उत्कृष्ठ इंग्लिश मीडियम उच्च माध्य. विद्यालय जशपुर एवं शास. उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय गम्हरिया जशपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिसमें कुल 2318 परीक्षार्थी सम्मिलित होगें है। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देशानुसार परीक्षा की संपूर्ण तैयारी के लिए सभी केन्द्राध्यक्ष को परीक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश हेतु ब्रीफिंग आहूत की गयी थी। जिसमें जिले के सभी केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष उपस्थित थे। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा में आधा घण्टा

### 2318 परीक्षार्थी होगें सम्मिलित

### * परीक्षा के संबंध में दिए गए हैं आवश्यक दिशा-निर्देश

अपने अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना अनिवार्य है, परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थी को प्रवेश पत्र के साथ अन्य पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड रखना अनिवार्य होगी। परीक्षा कक्ष में अनुचित साधनों का प्रयोग सर्वथा वर्जित है। परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थी द्वारा अपने साथ कोई भी लिखा हुआ कागज पुस्तक वस्तु टीप, इलेक्ट्रानिक यंत्र, मोबाइल, ब्लूटूथ डिवाईस, फोन, केलकुलेटर आदि लाना अनुचित साधनों के प्रयोग में शामिल माना जाएगा। इसी प्रकार परीक्षा कक्ष में किसी अन्य परीक्षार्थी से चर्चा करना, किसी की उत्तर पुस्तिका से नकल करना अथवा अपनी उत्तर पुस्तिका से किसी अन्य को नकल कराना, उत्तर पुस्तिक, प्रश्न-पुस्तिका का आपस में बदलना, किसी को उत्तर बताना अथवा किसी से उत्तर प्राप्त करने का प्रयास करना भी अनुचित साधनों के प्रयोग के अन्तर्गत माना जाएगा। इसी प्रकार परीक्षार्थी द्वारा अपने पास के किसी कागज पर प्रश्न पत्र की नकल करना या प्रश्नों के उत्तर लिखना अनुचित साधनों का प्रयोग माना जाएगा। परीक्षा कक्ष, भवन में अनुचित साधनों का प्रयोग करना अथवा कराना दण्डनीय अपराध है। उपरोक्त निर्देशों का पालन न करने वाले परीक्षार्थियों की परीक्षा निरस्त की जाएगी एवं ऐसे परीक्षार्थी को आयोग द्वारा ली जाने वाली आगामी समस्त परीक्षाओं से विवर्जित के साथ-साथ वैधानिक कार्यवाही किया जायेगा।

## सुखनंदन पटेल ने संभाली खरसिया थाने की कमान

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।



खरसिया थाने में थाना प्रभारी के रूप में निरीक्षक सुखनंदन पटेल ने पदभार संभाल लिया है। नगर निरीक्षक सुखनंदन पटेल इससे पूर्व बिलासपुर जिले में पदस्थ थे। नगर निरीक्षक के रूप में अनुभवी अधिकारी की पदस्थापना से अपराध दरों में निश्चित तौर पर कमी आयेगी। नये थाना प्रभारी से उम्मीद जगी है कि वे आम जनता से मधुर संबंध बना कर अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने में सफल होंगे। गौरतलब है कि पुलिस कप्तान ने अनुभवी तथा युवा नगर निरीक्षक सुखनंदन पटेल को खरसिया थाना की कमान सौंपी है। रायगढ़ जिले में यह उनकी दूसरी पदस्थापना है । 2018 बैच के सुखनंदन पटेल ने कोण्डागांव राजनांदगांव बिलासपुर जिले में अपनी सेवाएं दी है। थानेदार सुखनंदन पटेल खरसिया थाना की कमान संभालते हुये मीड़िया से रूबरू हुये तथा क्षेत्र तथा क्षेत्रवासियों के व्यवहार एवं पीड़ितों के कमजोर मनोबल के कारण बढ़ते अपराधों के संबंध में चर्चा की। मीड़िया से चर्चा करते हुये नव पदस्थ नगर निरीक्षक ने कहा की खरसिया मेरे लिये नयी जगह है यहां आम जनता के सहयोग से उनके साथ मधुर संबंध बना कर कानून के प्रति व्याप्त भ्रम को दूर करना पुराने लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर कार्य करते हुये अपराध तथा अपराधियों पर अंकुश लगाकर पूरे क्षेत्र में कानून व्यवस्था और पुलिस के प्रति विश्वास पैदा करना मेरी प्राथमिकता है साथ ही जुआ सट्टा शराबखोरी जैसी सामाजिक बुराईयों को भी बहुत शिद्दत के साथ समाप्त किया जायेगा। नगर की चरमरायी यातायात व्यवस्था और जगह जगह लग रहे जाम के संबंध में उन्होंने कहा कि नगर पालिका से सामंजस्य कर नगर की बदहाल यातायात को सुधारने की कवायद की जायेगी। युवा और उर्जावान अधिकारी की पदस्थापना से क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि नगर की बदहाल यातायात व्यवस्था में सुधार के साथ साथ नगर में बढ़ रहे अपराधों में निष्चित तौर पर कमी आयेगी अपराधियों के हौंसले पस्त होंगे और क्षेत्र में अमन चैन कायम होगा।

## महिला एवं स्व.सहायता समूह का शक्ति वंदन अभियान का हुआ सम्मेलन

### लखपति दीदी का हुआ सम्मेलन

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।





कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संकुल संगठन का जिला स्तरीय उन्मुखीकरण/कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राम नरेश सिंह यादव,ललित साहू,तुलेश जायसवाल, नारायण राठौर,परसन राठौर, पीडी जेपी,एलडीएम,भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राम नरेश सिंह यादव, का मुख्य कार्यपालन अधिकारी नोडल भारद्वाज ने पुष्प कुछ से स्वागतम किया कोषाध्यक्ष यादव ने अपने संबोधन में कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लखपति दीदी योजना से देश में लाखों दीदी लखपति बनेंगी केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा महिला को आत्म निर्भर बनने के लिए महिला एवं स्व.सहायता समूह सशक्तिकरण, शक्ति वंदन अभियान के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। एनआरएलएम अंतर्गत कार्यरत विभागीय अधिकारी एकर्मचारी एवं विभिन्न विभाग से आए हुए अधिकारी कर्मचारीके उपस्थिति थे में संकुल संगठन का संचालन व प्रोत्साहन कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। साथ ही संगठन संचालन के संबंध में एस ओ पी पर चर्चा,मातृत्व वंदना योजना, घर पहुंच पेंशन अभियान, लखपति दीदी आदि विषयों पर बेहतर कार्य किए जाने हेतु मार्गदर्शन दिया गया। जनपद पंचायत के साथियों, संकुल पदाधिकारियों, सदस्यों व पी आरपीएस कार्यक्रम में मुख्य अतिथिय एवं ललित साहू, सरपंच तुलेश जायसवाल, नारायण राठौर,परसन राठौर आदि मौजूद रहे।

# बलौदाबाजार में प्रेस क्लब भवन का हुआ उद्घाटन

## केबिनेट मंत्री वर्मा की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़–बलौदाबाजार।

बलौदाबाजार में पत्रकार जगत के लिए यह एक अनोखा पत्रकारिता पारिवारिक सु–अवसर है जहां जिला बलौदाबाजार भाटापारा जिला बनने के बाद यह प्रथम अवसर है बलौदाबाजार मे प्रेस क्लब का गठन का पृष्ठभूमि तैयार हुआ इस पृष्ठभूमि से बलौदाबाजार में ख़ुशी की लहर व्याप्त है जहां इस गठन से बलौदाबाजार में पत्रकार जगत में नए अध्याय की शुरुवात मानी जा रही है। शहर के नवनिर्मित प्रेस क्लब का उद्घाटन शनिवार को शाम 6 बजे प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम के कड़ी में कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा खेलकूद एवं युवा कल्याण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन छ: ग शासन ने विधिवत फीता काटकर प्रेस क्लब भवन का लोकार्पण किया तत्पश्चात भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना की इस दौरान कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने सभी पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्हें कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा ने कहा कि पत्रकार ही एक ऐसा वर्ग है जो हमें रास्ता दिखाते हैं हम जब कभी भी कहीं कार्यक्रम में जाते हैं और हमारे द्वारा जो उद्बोधन दिया जाता है उनको अपने शब्दों में पत्रकार प्रस्तुत करते हैं तो वही हितेंद्र ठाकुर द्वारा उद्धबोधन मे कहा कि सरकार किसी भी आलोचना से नहीं डरती सरकार की कमियों को प्रदर्शित करना मीडिया का काम है. समाचार किसी भी संवेदना से रहित और तथ्यों पर आधारित होना चाहिए। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मीडिया को मजबूत होना चाहिए। मुख्यमंत्री घोषणा मद योजना से





**मंत्री वर्मा ने क्लब के संचालन के लिए डेढ़ लाख रूपये की घोषणा की**

राशि बीस लाख निर्मित प्रेस क्लब भवन नया बस स्टैंड बलौदाबाजार का विधिवत लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ सर्वप्रथम प्रेस क्लब भवन लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा एवं अन्य अतिथियों का माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया इसके पश्चात स्वागत भाषण प्रेस क्लब के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी के द्वारा दिया गया तत्पश्चात अतिथियों का उद्बोधन हुआ मंच में उपस्थित अंतिम उद्बोधनमे कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने अपने उद्बोधन में पत्रकारों को राह दिखाने वाले की संज्ञा देते हुए उन्हें लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मानते हुए सब के सम्मान की बातें कही कैबिनेट मंत्री वर्मा जी ने प्रेस क्लब भवन में डेढ़ लाख रूपए देने की घोषणा की वहीं उन्होंने सभी पत्रकारों जनप्रतिनिधियों एवं यहां के आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि बलौदाबाजार भाटापारा जिला बने 12 वर्ष हो चुका है और इसे बेहतर जिला बनाने के लिए आप सभी का सहयोग बहुत ही आवश्यक है उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्रीय विधायक होने के नाते बलौदाबाजार नगर एवं अंचल के सभी लोगों का मेरे ऊपर अधिकार बनता है और मेरे से जितना भी सहयोग होता है मैं करता रहूंगा कार्यक्रम के अंतिम में मुख्यातिथि एवं अतिथि को प्रेस क्लब द्वारा प्रतीक चिन्ह दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, नपाध्यक्ष चितावर जायसवाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय केसरवानी कांग्रेस जिला अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर तथा प्रेस क्लब के अध्यक्ष नीरज बाजपेई वार्ड पार्षद रोहित साहू प्रेस क्लब के संरक्षण पाध्ये, रामाधार पटेल एवं प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य एवं सदस्य उपस्थित रहे।

**एक नजर**

# दो बाइक आपस में भिड़ंत, एक युवक की मौत

जोहार छत्तीसगढ़–रतनपुर।



रतनपुर मेला ग्राउंड के पास दो मोटरसाइकिल आपस में आमने–सामने भीड़ गए जिससे एक युवक की मौत हो गई बताया जा रहा है कि मृतक केशव प्रसाद और उसका रिश्तेदार महेंद्र कौशिक गाड़ी क्रमांक सीजी 10ए 7674 पैशन प्रो. में सवार होकर किसी काम से थाना रतनपुर गए थे वहां से वापस मेला ग्राउंड सब्जी के लिए जा रहे थे सामने से आ रही गाड़ी क्रमांक सीजी 10 बीपी 8914 मैं सवार होकर तेज गति से चलाते हुए विक्की मरावी और उसके साथी आ रहे थे मेला ग्राउंड के पास पहुंचे ही थे कि उसी समय जबरदस्त टक्कर हुई जिससे यह घटना घटित हुई प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि यह दोनों मोटरसाइकिल तेज गति से वाहन चलाने व कंट्रोल नहीं कर पाने की वजह से एक दूसरे से भिड़ गए जिसमें केशव प्रसाद पिता स्व. नारायण प्रसाद निवासी चोरहादेवरी की हालत गंभीर थी जिसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर ले जाते समय उसकी मौत हो गई वहीं महेन्द्र कुमार कौशिक पिता स्व.गोकुल प्रसाद सेमरी और शिवा सारथी पिता मनोज सारथी भैरो बाबा तथा विक्की मरावी पिता शंभू मरावी खुटाघाट घायल हुए जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर सिम्स रेफर किया गया दुर्घटना की सूचना पाकर रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुड़ गई है।

# विधायक इन्द्र साव ने बजट में अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास एवं निर्माण कार्य हेतु स्वीकृत करवाये करोड़ों रूपए

जोहार छत्तीसगढ़–बलौदाबाजार।

विधायक इन्द्र कुमार साव द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट के पूर्व विधानसभा के विभिन्न कार्यों को स्वीकृत करवाने संबंधित विभाग के मंत्रियों से अनुशंसा की थी। जिसे बजट में शामिल किया गया है। इन कार्यों के हो जाने पर विधानसभा में निवासरत आम आदमी को ढ़ेर सारी सुविधाएं प्राप्त हो जायेगी। स्वीकृत कार्यों में, भाटापारा सेमरिया चंदखुरी मार्ग पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण 8 करोड़ 80 लाख रूपए, अडबंधा से करहुल मार्ग लं.2. किमी.में सड़क निर्माण कार्य पुल–पुलिया सहित 4 करोड़ 40 लाख, अडबंधा से चंदियापथरा मार्ग लं. 3. किमी.में सड़क निर्माण कार्य पुल–पुलिया सहित 6 करोड़ 60 लाख, कोलिहा से रोहरा मार्ग लं.3. किमी. में सड़क निर्माण कार्य पुल–पुलिया सहित 6 करोड़ 60 लाख, मर्राकोना संजारी नवागांव मार्ग लं. 2.50 किमी. में सड़क निर्माण कार्य पुल–पुलिया सहित 5 करोड़, कोसमंदा एबेन्द्री, खैरी, बोरसी मार्ग लं.3.80 किमी. में सड़क निर्माण कार्य पुल–पुलिया सहित 3 करोड़ 80 लाख, दतरेंगा से बिजराडीह मार्ग लं. 6.20 किमी में सड़क निर्माण कार्य पुल–पुलिया सहित 5 करोड़ 50 लाख, पौंसरी पहुंच मार्ग 2.50 किमी में डामर मजबूतीकरण कार्य 5 करोड़ रूपये बजट में शामिल किए गए। इसके लिए विधायक इन्द्र साव ने लोक निर्माण मंत्री अरूण साव का आभार व्यक्त किया है। गौरतलब है कि इन्हीं स्वीकृत कार्यों को करवाने हेतु स्थानीय विधायक इन्द्र साव ने उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव को 09 जनवरी 2024 को एवं 19 जनवरी 2024 को पत्र लिखकर उक्त कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने हेतु अनुरोध किया था तभी उपरोक्त कार्य स्वीकृत किये गए।



# चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

**रायपुर** । नेवरा पुलिस ने चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार नेवरा पुलिस को सूचना मिली कि बाजार चौक बहेसर के पास एक युवक चाकू लहराकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी अमरदास मानिकपुरी 44 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए भाजपा सरकार ने अपना पहला बजट पेश किया- भाजपा नेता डॉ. जगजीवन खरे

## युवाओं को रोजगार देने भाजपा सरकार ने कई अहम कदम उठाएं–भाजपा नेता डॉ. खरे

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

छत्तीसगढ़ विधानसभा में विष्णुदेव साय सरकार ने शुक्रवार को अपना पहला बजट पेश किया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ का बजट पेश किया। इस बजट को लेकर भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के बेमेतरा जिला उपाध्यक्ष डॉ. जगजीवन खरे नें सराहा और कहा की इस बजट में युवाओं को लेकर महत्वपूर्व घोषणा की गई है। युवाओं को रोजगार देने के लिए हमारे सरकार ने नए कई अहम कदम उठाएं हैं। कई प्रावधान तय कर बजट बनाया है। प्रदेश के युवाओं के लिए छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना का इस बजट में प्रावधान किया गया है। दीनदयाल उपाध्याय भूमि कृषि मजदूर योजना प्रारंभ करने के लिए 500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना स्टेट कैपिटल योजना के लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के लिए 2887 करोड़ का बजट रखा गया है। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को रोजगार देने के लिए 561 करोड़ का बजट रखा गया है। इन्वेस्ट इंडिया की तर्ज पर इन्वेस्ट छत्तीसगढ़ आयोजित करने के लिए इस बजट में प्रावधान किया गया है। पुलिस विभाग में करियर बनाने वाले युवाओं के लिए राज्य पुलिस बल में 1089 पदों की वृद्धि की गई है। नक्सल क्षेत्र में तैनात जवानों की सुरक्षा के लिए स्पीक रेजिस्टेंट बूट देने का निर्णय लिया गया है। ई–कोर्ट के लिए 596 पदों का सृजन होगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़िया क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के लिए 20 करोड़ प्रावधान किया गया है। इसके लिए 5 नवीन जिलों में जिला कार्यालयों की स्थापना होगी। छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान के लिए 1 करोड़ 50 लाख दिए जाएंगे। कला साहित्य खेल के क्षेत्र में युवाओं के योगदान को प्रोत्साहित और उन्हें सम्मान देने के लिए 1 करोड़ 50 लाख का प्रावधान किया गया है। राज्य सहकारी बैंक की ओर से खास तरह के प्रशिक्षण संचालित किए जा सकें। प्रशिक्षण संस्थान के निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।



# बच्चों का सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहली प्राथमिकता–के.एन.वर्मा

## प्राथमिक शाला बिनौरी में हुआ वार्षिकोत्सव

जोहार छत्तीसगढ़–बलौदाबाजार।

पलारी विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला बिनौरी में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिकोत्सव मनाया गया इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण से पुरस्कार से मोमेंटो और प्रमाण पत्र से सम्मानित थानसेन कुर्रे और रामेशवरी जलहरे और गर्मी की दिनों में समर कैम्प आयोजित करने पर रामेश्वरी जलहरे, थानसेन कुर्रे, धनेश्वरी जांगड़े, परमेश्वरी फेकर भुपेन्द्र कुमार वर्मा को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थिति मुख्य अतिथि मती सतरूपा धीवर, अध्यक्षता संतराम साहू और विशिष्ट अतिथि में विकासखंड शिक्षा आधिकारी केएन वर्मा, नरेश वर्मा;स.वि.अ.एस.महेश्वरी, मनोज कुमार साहू प्र.पा. मोहन बंजारे गोड़ा प्राचार्य, मिनी बारले संकुल प्राचार्य, विक्रम राय, समन्वयक संघ अध्यक्ष मुकेश साहू, समन्वयक, अभिषेक मोहबे शिक्षक संघ अध्यक्ष इस कार्यक्रम का आयोजक नंदनी टिकरिहा, प्र.पा. मीना वर्मा, शान्तानु साहू, जितेंद्र कुमार साहू, संजु साहू, शुकदेव सेन, राजू सेन आदि थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी के एन वर्मा ने कहा कि विद्यालय में बच्चों का सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पहली प्राथमिकता.है। पढ़ाई के साथ–साथ बच्चों में रचनात्मक गतिविधियों खेलकूद, सांस्कृतिक लेखन एवं पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन किया जाना चाहिए जिसमें बच्चों की प्रतिभा को निखार सके।



प्राथमिक शाला बिनौरी के शिक्षक शिक्षिकाओं ने ग्रीष्मकालीन समय का उपयोग कर बच्चों के लिए पठन पाठन में लगाया जो काबिले तारीफ है। कबाड़ से जुगाड़ में इस विद्यालय के थानसेन कुर्रे एवं रामेश्वरी जलहरे को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण से सम्मानित होने पर बधाई देते हुए प्रमाण पत्र एवं श्रीफल भेंटकर कर सम्मानित किया। शाला परिवार के सौजन्य से पालकों की स्कूल में सहभागिता सुनिश्चित करने ग्रामीणों को विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी वर्मा एवं अतिथियों के द्वारा शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभा को सरपंच सतरुपा धीवर,गोडा के प्राचार्य मोहन बंजारे, संकुल समन्वयक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम राय प्रधान पाठक संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर ग्राम प्रमुख गण एवं पंचायत के पंच गण ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने कोरबा विकासखण्ड के बेला गौठान का किया निरीक्षण

## मॉडल गौठान के रूप में विकसित करने हेतु दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

**कोरबा** । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कोरबा विकासखण्ड के बेला गौठान का निरीक्षण कर गौठान में विभिन्न अधोसंरचना निर्माण एवं गतिविधियां संचालित कर मॉडल गौठान के रूप में विकसित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा उद्यानिकी, पशुपालन सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी, सरपंच, सचिव एवं गौठान से जुड़ी समूह की महिलाएं उपस्थित थे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भारत सरकार के निर्देशानुसार बेला गौठान को मॉडल गौठान के रूप में विकसित किया जाएगा। इस हेतु यहां आजीविका संवर्धन गतिविधियां संचालित करने हेतु विभिन्न अधोसरंचना निर्माण कर गौठान से जुड़ी महिला समूह को स्वावलंबी बनाया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि मॉडल गौठान का उद्देश्य पूरा होना चाहिए। इस हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर इस दिशा में प्रभावी कदम उठाएं। उन्होंने गौठान में खाद निर्माण, मुर्गी पालन, मशरूम उत्पादन बाड़ी विकास जैसी अनेक गतिविधियां संचालित करने के लिए महिला समूह का चयन कर उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान करने की बात कही। साथ ही गौठान में सामुदायिक बाड़ी विकास एवं चारागाह निर्माण हेतु भी स्थान चिन्हांकन सहित अन्य तैयारियां पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।

# कलेक्टर ने बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलायी

## जिले में पौने चार लाख बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाई जाएगी

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने 10 फरवरी शनिवार को जिला स्तरीय शुभारम्भ कार्यक्रम में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल का सेवन कराया। कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल में आयोजित हुआ। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संतराम चुरेन्द्र, अनुविभागीय एवं दंडाधिकारी युगल किशोर उर्वशा, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद्र मिश्रा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डीपीएम लता सहित स्वास्थ्य विभाग,स्कूल प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिका और छात्र–छात्राएं उपस्थित थे। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि बच्चों को अच्छी स्वच्छता की आदतें सिखाना महत्वपूर्ण है। उन्हें अपने नाखून काटने और उन्हें साफरखने के लिए कहना चाहिए। लंबे नाखून अक्सर विभिन्न प्रकार के जीवाणुओं के लिए आश्रय स्थल के रूप में कार्य करते हैं जो संक्रामक रोगों का कारण बनते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी बीमारी की आधे से ज्याया जड़ साफ–सफाई से ना रहना है। इसलिए हम सभी ख़ास कर बच्चों में शुरू से स्वच्छता की आदत डालनी चाहिए। खाने या खाना बनाने से पहले और मिट्टी को छूने या शौचालय का उपयोग करने के बाद अपने हाथ धोएं । उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कृमि निवारण दिवस देश के प्रत्येक बच्चे को कृमि मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की एक पहल है। यह हर साल दो एनडीडी राउंड के द्वारा से बड़ी संख्या में बच्चों और किशोरों तक पहुंचने वाले सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक है। बच्चों को हाथ धोने की विधि बतायी गयीऔर साफ–सफाई से रहने कहा गया। कलेक्टर शर्मा ने पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिता विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किये गये। कलेक्टर विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. चुरेन्द्र ने बताया कि इस बार जिले में 3 लाख 74 हजार 445 बच्चों एवं युवाओं को कृमिनाशक दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। यह दवा वर्ष में 02 बार सेवन कराया जाता है। मितानिनों, ऑगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों द्वारा समस्त ऑगनबाड़ी केन्द्रों एवं शासकीय विद्यालयों, शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं, केन्द्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों,निजी स्कूलों, अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों, महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षा संस्थानों के माध्यम से 01 से 19 वर्षीय बच्चों, किशोर एवं किशोरियों को कृमिनाशक दवा की गोली का सेवन कराया जाएगा तथा छूटे हुए बच्चों के लिए मॉपअप दिवस 15 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। इस दिन छूटे हुए बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि एक से दो वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों को आधी गोली चम्मच के द्वारा पानी में चुरा करके तथा दो से 19 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों को एक पूरी गोली चबाकर पानी के साथ दी जाएगी। एलबेन्डाजोल की गोली बच्चों और बड़ों के लिए सुरक्षित है। डॉ.दीपक निराला ने बताया कि कुछ बच्चों के शरीर में कृमि के कारण कुछ मामूली प्रभाव जैसे जी मिचलाना, उल्टी–दस्त, पेट में हल्का दर्द और थकान अनुभव होने की संभावना हो सकती है। इसलिए संबंधित कर्मचारियों को अपने समक्ष ही बच्चों को कृमिनाशक गोली बच्चों खिलाएंगे। यदि किसी भी प्रकार की प्रतिकूल स्थिति होने पर टोल फ्री नम्बर 104 पर सम्पर्क किया जा सकता है एवं रेफरल के लिए संजीवनी एम्बुलेंस 108 की सेवाएं भी ले सकते हैं।







# अवैध रूप से खरीदी बिक्री हो रहे कबाड़ से परेशान होकर नगर पंचायत उपाध्यक्ष सहित पार्षदों ने दिया एसडीएम को ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ मे अवैध रूप से लोहा,टीना, छड़, प्लास्टिक अन्य चीजो कि खरीदी बिक्री लम्बे समय से चलती आ रही हैं। जिससे परेशान होकर धरमजयगढ़ के नगरपंचायत उपाध्यक्ष समेत कई पार्षदों ने मिलकर अवैध कबाड़ खरीदी बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए धरमजयगढ़ एसडीएम डिगेश पटेल को ज्ञापन देते हुए तत्काल कार्यवाही करने कि मांग कि साथ ही नगर में इससे सम्बन्धित हो रही और कई परेशनियों से एसडीएम को अवगत करवाया जिसके बाद एसडीएम डिगेश पटेल द्वारा आश्वासन दिया गया कि इसपर जल्द कार्यवाही होंगी। ज्ञापन नगर पंचायत उपाध्यक्ष टार्जन भारती, पार्षद टीकाराम पटेल, विजय यादव,श्रवण कुमार राठिया, नन्दलाल प्रजापति, पवन अग्रवाल,मीणा सिदार,सुरेश राठिया, गगनदीप कोमल,एवं अन्य पाषदों द्वारा दिया गया।



### एसडीएम डिगेश पटेल से सभी पार्षद ने कहा

अवैध कबाड़ खरीदी बिक्री होने के कारण नगर में चोरी का सिलसिला बढ़ते जा रहा हैं कई जगहों पर प्रधानमंत्री आवास निर्माण का कार्य चल रहा हैं जहां से असमाजिक तत्व लोहे के छड़, प्लेट अन्य सामान को चोरी कर कबाड़ में बेच दे रहे। नगरों में लगभग 14 साल के बच्चे घरों के आस पास पड़े लोहे कि चीजे उठाकर ले जा रहे और कबाड़ में बेच दे रहे हैं जिससे नगर में चोरी दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रही हैं अवैध कबाड़ खरीदने वाले लोगों द्वारा अतिक्रमण भी किया जा रहा हैं जिस पर जल्द से जल्द रोक लगाना बहुत जरुरी हो गया हैं वही पार्षदो ने ज्ञापन में लिखा कि कई सालों पहले भी धरमजयगढ़ से ऐतिहासिक तोप चोरी हुआ था। जिसे कबाड़ी में खरीद लिया गया था। जिस पर कार्यवाही भी कि गयी थी ऐसे ही पहले कई अन्य मामलों में भी कार्यवाही हो चुकी हैं पर असमाजिक तत्वों द्वारा बार-बार ऐसा कार्य चालू कर दिया जाता हैं जिससे धरमजयगढ़ के सभी नगरवासी परेशान हो चुके हैं इसी कारण सभी पार्षदों द्वारा मिलकर ज्ञापन सौंपा गया हैं अगर विभाग द्वारा सीधे अवैध कबाड़ खरीदी बिक्री करने वालों पर कार्यवाही होती हैं तब इन सभी घटनाओं से जनता को राहत मिलेगी और चोरी कि घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा।

## एक नजर

### सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी बजट- डब्बू चांडक

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



प्रदेश कार्यकरणी सदस्य भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ के डब्बू चांडक ने बताया की राज्य सरकार का पहला बजट वित्त मंत्री ओपी चौधरी के द्वारा सदन में प्रस्तुत किया गया। इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी को मैं तहे दिल धन्यवाद देता हूं। डब्बू चांडक ने कहा की बजट में दीनदयाल भूमिहीन मजदूरों के लिए 500 करोड़ का प्रावधान रखा गया है 400 यूनिट तक बिजली खपत करने वालों को हाफबिल का प्रावधान किया गया है प्रदेश में पहली बार पेपर लेस बजट प्रस्तुत किया गया इस बजट में 147500 करोड़ का बजट प्रस्तुत किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ की समग्र जनता के हितों का ध्यान रखा गया यह बजट महिलाओं के लिए, युवाओं के लिए, किसानों के लिए, खेती हर मजदूरों के लिए एवं तेंदू पत्ता मजदूरों को 4000 की जगह 5500 रुपए का प्रावधान किया गया है!

### कलेक्टर चौहान ने स्वयं दवा खाकर फाइलेरिया मुक्ति अभियान का शुभारंभ किया

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।




कलेक्टर के एल चौहान ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगढ़ में जिला स्तरीय फाइलेरिया हाथीपांव मुक्ति अभियान का प्रारंभ किया, जो 28 फरवरी तक जारी रहेगा। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की राजगीत और राष्ट्रगान से किया गया। कलेक्टर चौहान ने फाइलेरिया मुक्ति के लिए अपने ऊंचाई के अनुसार दवा का सेवन किया। इसके बाद स्कूली बच्चों ने भी दवा का सेवन किया। यह दवा नाश्ता या खाना के बाद ही करना है और किसी भी परिस्थिति में इसे खाली पेट या एक साल में दो बार नही खाना है। स्कूल, कालेज, सहित अन्य जिनको उनके संस्था में खिलाया जाता है वो सभी घर में यदि दवा वितरण हो तो इसे दोबारा नहीं खाएं। इस अवसर पर कलेक्टर चौहान ने जिले के सभी नागरिकों को फाइलेरिया की दवा खाने के लिए अपील किया। सीएमएचओ डॉ. एफआर निराला ने बताया कि यह हाथीपांव की बीमारी एक मच्छर के काटने से होता है और बीमारी का इलाज नहीं है। इस अवसर पर बीएमओ आर एल सिदार, वरिष्ठ पत्रकार अब्बास अली, डीपीएम एन एल इजारदार उपस्थित थे।

### कलयुगी पुत्र ने बुजुर्ग मां को पीटा

**रायपुर** । डबरापारा चुनाभट्टी में एक युवक ने अपनी बुजुर्ग मां से मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया बुधा बाई साहू 73 वर्ष डबरापारा चुनाभट्टी की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि उसका बेटा आरोपी रविशंकर साहू 42 वर्ष शराब के नशे में घर आया और दरवाजा को लात मार रहा था, जिससे प्रार्थिया ने मना किया तो आरोपी ने प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर गंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पार्किंग में खड़ी बाइक पार

**रायपुर** । बस स्टेण्ड भाठागांव पार्किंग में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी डालेन्द्र कुमार साहू 23 वर्ष ग्राम बलौदी पलारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीएस 0581 को भाठागांव बस स्टेण्ड के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

# गुप्त नवरात्रि आज से प्रारंभ

गुप्त नवरात्रि में पहुंच रहे देवी दर्शन के लिए भक्त

जोहार छत्तीसगढ़ -रतनपुर।



रतनपुर महामाया मंदिर में आज से गुप्त नवरात्रि प्रारंभ हो चुका है, इस बार गुप्त नवरात्रि पूरे 9 दिन का है, आज प्रथम दिन सुबह 9 बजके 39 मिनट पर ,घट स्थापना के साथ ही नवरात्रि प्रारंभ हुई ,9 बजके 39 मिनट के मुहूर्त पर ,घट स्थापना का पूजन कार्य करने के बाद गर्भ गृह में ज्योति प्रज्वलित की गई, वही बुलाए गए पंडितों के द्वारा पाठ किया जाता है जो कि, आज से पंडितों के द्वारा पाठ किया जा रहा है ,जो अनवरत 9 दिनों तक चलेगा ,नवरात्रि के अंतिम दिन कन्या पूजन एवं ,ब्राह्मण भोज के साथ नवरात्रि का समापन किया जाएगा।

जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2024

# शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत जिले का पहला कैंटीन का हुआ शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़ -जांजगीर।

जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2024 के अवसर पर वित्त मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री श्री ओ पी चौधरी ने आज शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत जिला मुख्यालय जांजगीर के निकट स्थित एफसीआई गोदाम के पास स्थित नया बस स्टैंड परिसर पर कैंटीन का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत आज प्रभारी मंत्री के द्वारा जिले का पहला कैंटीन का शुभारंभ किया गया है। इस कैंटीन के माध्यम से निर्माणी, संगठित एवं असंगठित वर्ग के श्रमिको को मात्र 5 रुपए में चावल, दाल, सब्जी, आचार या चटनी का गर्म और ताजा भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। प्राप्त जानकारी अनुसार इस योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य शासन (श्रम विभाग) तथा आर के एसोसिएट्स नई दिल्ली के मध्य एमओयू हस्ताक्षर हुए हैं। जाँजगीर के इस कैंटीन में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक गर्म भोजन उपलब्ध कराया जायेगा तथा भोजन का समय श्रमिकों के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। इसमें खाने हेतु 400 ग्राम चावल, 100 ग्राम दाल, 100 ग्राम सब्ज़ी तथा 10 ग्राम आचार या चटनी एवं आरओ का पानी पीने के लिए उपलब्ध कराया जायेगा। इस योजन के तहत भोजन सप्ताह में 6 दिन उपलब्ध कराया जाएगा तथा श्रमिकों की आवश्यकता अनुसार 7वें दिन भी उपलब्ध कराया जा सकता है। एमओयू के अनुसार एक थाली भोजन की राशि 52.65 रुपये निर्धारित है। जिसमें 5 रुपये श्रमिक द्वारा तथा शेष 47.65 रुपये श्रम विभाग द्वारा प्रदान किया जाता है। उल्लेखनीय है की शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना वर्ष 2017 से छत्तीसगढ़ में प्रारंभ होकर संचालित है। यह योजना रायपुर, दुर्ग, रायगढ़, राजनांदगाँव, महासमुंद तथा अंबिकापुर में पूर्व से संचालित है। श्रमिक कैंटीन के शुभारम्भ अवसर पर कलेक्टर श्री आकाश छिकारा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर के खुटे, श्रम विभाग के श्री घनश्याम पाणिग्रही एवं विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत कैंटीन का वित्त मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री श्री ओ पी चौधरी ने किया शुभारंभ

निर्माणी, संगठित एवं असंगठित वर्ग के श्रमिको को मात्र पांच रुपए में मिलेगा चावल, दाल, सब्जी, आचार का गर्म और ताजा भोजन





# राहुल के फ्लॉप शो की नाकामी छिपा सुर्खिया पाने आपस में लड़ रहे कांग्रेसी -उमेश अग्रवाल



जोहार छत्तीसगढ़ -रायगढ़।

राहुल गांधी के आगमन को लेकर श्रेय लूटने के चक्कर में कांग्रेसी आपस में ही लड़ झगड़ रहे है। कांग्रेस की ओछी संस्कृति पर सवाल उठाते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने जारी बयान में कहा कांग्रेस आज भी व्यक्ति पूजा की मानसिकता से ऊपर नही उठ पाई है। राहुल गांधी के सामने अपने अपने नंबर बढ़ाने के चक्कर में स्थानीय नेताओं में होड़ मची हुई है । विगत दिनों स्थानीय विधायक को वीआईपी प्रवेश द्वार में धरने में बैठना पड़ा वही दिवालो पर पराजित मुख्यमंत्री का नाम काटकर स्थानीय पूर्व मंत्री का नाम लिखना कांग्रेस की कुत्सित मानसिकता का परिचायक है।जिला भाजपा अध्यक्ष ने कहा कांग्रेस के पास कोई नेता नहीं बचा इसलिए बार बार राहुल को लांच करने के लिए विवश है। सभा में भीड़ नही जुटने की वजह से कांग्रेसी एक दूसरे के ऊपर दोषारोपण कर रहे है। पूर्व विधायक का धरने पर बैठना तो कभी दीवारों में लिखे बड़े नेताओ के नामो को मिटाकर खुद का नाम लिखना एक दूसरे को नीचा दिखा कर मिडिया की सुर्खियां बटोरना ताकि राहुल की सभा की नाकामियों को छिपाया जा सके। मोदी जी की जाति को लेकर राहुल द्वारा उठाए गए सवाल पर उमेश अग्रवाल ने कहा राहुल के इस बात से यह साबित हो गया कि मोदी सबसे काबिल एवम योग्य नेता है मोदी की काबलियत को राहुल ने भी स्वीकार किया है।

# बाबा भीमराव अम्बेडकर की स्टैच्यू में हुआ तोड़फोड़

भीम क्रांतिकारी छत्तीसगढ़ ने लिया मामले को संज्ञान में,तहसील व लवन थाना में दिए ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।







भीम क्रांतिवीर छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष किशोर नंवरगे द्वारा नगर पंचायत लवन में बने बाबासाहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर व डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की बनी स्टैच्यू कों असमाजिक तत्वों द्वारा तोड़-फोड़ दिया गया था जिसको संज्ञान में लेते हुए भीम क्रांतिवीर छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष किशोर नंवरगे उपरोक्त स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया व जल्द से जल्द असमाजिक तत्वों के लोगों द्वारा सामाजिक उन्मात फैलाने की दृष्टिकोण घटना को अंजाम देने वाले पर जल्द से कार्यवाही करने की मांग व स्टैच्यू कों नवनिर्माण पर तहसीलदार व थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया उक्त मौके पर भीम क्रांतिवीर छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष किशोर नंवरगे, गोपी बंदे छात्रसंघ प्रदेशाध्यक्ष, ढालेन्द यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, मनीष घृतलहरे जिलाध्यक्ष बलौदाबाजार, देवदत्त मनहरे छात्रसंघ जिलाध्यक्ष,डिकेश्वर घृतलहरे जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष, संदीप कोसले जिला उपाध्यक्ष, नीलकुमार बंजारे ब्लॉक अध्यक्ष लवन,राज रात्रे ब्लॉक अध्यक्ष बलौदाबाजार,संतराम कुरे आदि मौजूद थे।

# कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र को मिली करोड़ों की सौगात

## आम जनता की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए चौतरफा विकास की गति हुई तेज

जोहार छत्तीसगढ़-नारायणपुर।





### भाजपा महामंत्री भरत सिंह एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव ने विष्णु सरकार का जताया आभार

भाजपा नेता भरत सिंह और जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव ने विष्णु सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है और कहा है कि आम जनता से किए वायदे उम्मीद से दोगुना रफ्तार पर पूरा किया जा रहा है। कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र में चौतरफा विकास की गति तेज हो गई है। ज्ञात हो कि शुक्रवार को भाजपा की विष्णु सरकार ने विधानसभा में अब तक का सबसे बेहतर बजट पेश किया है। इस बजट में किए गए घोषणा के अनुसार कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र को अनेकों सौगात मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिया है। जिसमें प्रमुख रूप से कुनकुरी में 220 बिस्तर का अस्पताल संभावित है। वहीं कृषि व उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र भी सबसे बड़ी उपलब्धि कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के लिए है। इसी प्रकार बतनीडांड.केराडीह मार्ग पर तुम्बाजोर नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य अनुमानित लागत राशि 485.00 लाख तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में गति 50.00 लाख का व्यय संभावित है। कुनकुरी रनपुर मार्ग पर ईब नहीं पर उन्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य अनुमानित लागत राशि 790.00 लाख तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में राशि 79.00 लाख का व्यय संभावित है। सिकरमा बलुवाबहार मार्ग पर ईब नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य अनुमानित लागत रागि 850.00 लाख तथा वित्तीय वर्ष 2024.25 में राशि 85.00 लाख का व्यय संभाषित है। पण्डरीपानी चूल्हापानी मार्ग पर ईब नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य अनुमानित लागत राशि 750.00 लाख तथा वित्तीय वर्ष 2024.25 में राशि 75.00 लाख का व्यय संभावित है।नारायणपुर रजौटी मार्ग पर कपरी नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य अनुमानित लागत राशि 535.00 लाख तथा वित्तीय वर्ष 2024.25 में राशि 55.00 लाख कार्य संभावित है। बरडांड़ जुनानगर नगरवन मार्ग पर कपरी नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य अनुमानित लागत राशि 540.00 लाख तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में राति 60-00 लाख का व्यय संभावित है। कुनकुरी खेल स्टेडियम के लिए 2 करोड़ रुपये नगर पंचायत कुनकुरी में ड्रेनेज सिस्टम एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना शामिल है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in